संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 230
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



युवाओं को सपने साकार करने के लिए प्रेरित करेगी स्वाति की सफलता–योगी

एशियन पैरा गेम्स में स्वाति चौधरी ने बढ़ाया यूपी का मान, सीएम योगी ने दी बधाई





लखनऊ,संवाददाता। एशियन पैरा गेम्स–2026 में तीरंदाजी की महिला डब्ल्यू 1 स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली उत्तर प्रदेश की बेटी स्वाति चौधरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उनकी उपलब्धि को ऐतिहासिक बताया। स्वाति की सफलता भारत के अनगिनत युवाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वाति चौधरी पर गर्व है। उन्होंने स्वाति के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। योगी सरकार के कार्यकाल में खेलों के विकास खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। सरकार ने खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रशिक्षण, आधुनिक खेल सुविधाओं, आर्थिक सहायता, पुरस्कार और सरकारी नौकरी तक अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। उद्देश्य प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए अनुकूल माहौल देना है। प्रदेश में स्टेडियम, बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल, स्विमिंग पूल और सिंथेटिक कोर्ट जैसी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। एक जनपद–एक खेल योजना के तहत सभी 75 जिलों में खेलो इंडिया सेंटर स्वीकृत किए गए हैं। इन केंद्रों के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षण, खेल किट और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था है।खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए लखनऊ, गोरखपुर, सैफई, फतेहपुर और सहारनपुर में पांच स्पोर्ट्स कॉलेज संचालित हैं। यहां 14 खेलों में प्रशिक्षण के साथ खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन और शिक्षा की सुविधा मिलती है। मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय की स्थापना खेल शिक्षा और उच्चस्तरीय प्रशिक्षण को नई दिशा देने की पहल है। योगी सरकार ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सम्मान देने के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की है। ओलंपिक में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने पर छह करोड़, रजत पदक पर चार करोड़ और कांस्य पदक पर दो करोड़ रुपये देने का प्रावधान है। लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कारों के जरिए उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया जाता है। खिलाड़ियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए सरकारी नौकरियों में अवसर बढ़ाए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं के लिए राजपत्रित पदों पर नियुक्ति का प्रावधान है। गांवों में खेल मैदानों के विकास और गोरखपुर व वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियमों के निर्माण से खेल सुविधाओं को और विस्तार मिलने की उम्मीद है। खेल नीति–2023 के तहत सरकार का जोर प्रतिभा की पहचान, बेहतर प्रशिक्षण और खिलाड़ियों को रोजगार से जोड़ने पर है। इन पहलों के जरिए उत्तर प्रदेश में खेलों को नई पहचान देने और युवाओं के लिए बेहतर अवसर तैयार करने की कोशिश की जा रही है।

भारत–पोलैंड दोस्ती को नई उड़ान, पीएम मोदी बोले–

एफटीए से खुलेंगे अवसर



टस्क ने कहा, मोदी को दोस्त कहने पर गर्व


नयी दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने गुरुवार को नयी दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, रक्षा, तकनीक और आर्थिक सहयोग सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने पर चर्चा की। बैठक के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से भारत–पोलैंड संबंधों के लिए नए अवसर खुलेंगे। मोदी ने कहा कि भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत और यूरोपीय बाजारों के साथ मजबूत होते संबंध दोनों देशों के बीच सहयोग को नई दिशा दे सकते हैं। वहीं, डोनाल्ड टस्क ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना मित्र कहने पर गर्व जताया और कहा कि भारत तथा पोलैंड के हितों में कोई टकराव नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2024 में अपनी पोलैंड यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उस दौरान दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया था। इसके बाद पिछले दो वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। मोदी के मुताबिक, भारत और पोलैंड के रिश्ते केवल कूटनीतिक सहयोग तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके पीछे साझा मानवीय मूल्यों और ऐतिहासिक संबंधों की भी अहम भूमिका है। प्रधानमंत्री ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पोलैंड के लोगों को भारत में मिले आश्रय का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि जामनगर और कोल्हापुर के शाही परिवारों ने उस दौर में हजारों पोलिश बच्चों और परिवारों की मदद की थी। मोदी ने इस ऐतिहासिक प्रसंग को दोनों देशों के बीच लंबे समय से कायम मानवीय रिश्तों का प्रतीक बताया। भारत और पोलैंड के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाना इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य है।

जंतर–मंतर प्रदर्शन केस में सीजेपी नेता सौरव–आशुतोष की मुश्किलें बरकरार

नयी दिल्ली, एजेंसी। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 13 अक्टूबर को जंतर–मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में गुरुवार को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने पेश होने के लिए और समय मांगा है। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अपराध शाखा ने इन दोनों नेताओं को पेश होने का निर्देश दिया था। उनके खिलाफ 13 अक्टूबर को जंतर–मंतर जाने के लिए एक निजी संपत्ति में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने और लोक सेवकों के काम में बाधा डालने के आरोप में दो अलग–अलग मामले दर्ज किए गए थे और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि शांति भंग न करने का हलफनामा देने के बाद उन्हें बुधवार को रिहा कर दिया गया। हाल में दोनों मामले अपराध शाख को भेज दिए गए थे। पुलिस सूत्रों ने कहा कि दास और रांका ने अपराध शाखा के सामने पेश होने के लिए और समय मांगा है तथा गुरुवार को उनसे पूछताछ नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस दोनों को नए सिरे से नोटिस जारी कर जांच में शामिल होने का निर्देश दे सकती है। दोनों ने हलफनामे में कहा है कि वे जंतर मंतर के निर्धारित प्रदर्शन स्थल की सूची से बाहर रहने तक वहां विरोध प्रदर्शन का आह्वान नहीं करेंगे। सीजेपी के विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में हिरासत में लिए जाने के बाद दास और रांका को शुरुआत में 14 अक्टूबर को पांच दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। उनकी हिरासत 19 अक्टूबर को दो दिन के लिए बढ़ा दी गई जो बुधवार को समाप्त हो गई।

रायपुर पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू: राज्यपाल डेका और सीएम साय ने किया जोरदार स्वागत, कहा– ये गौरव का पल

रायपुर, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रायपुर पहुंचीं। इस दौरान स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट माना में राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान मंत्री विजय शर्मा, मंत्री खुशवंत साहेब, मंत्री राजेश अग्रवाल, मंत्री ओपी चौधरी, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद विजय बघेल समेत अन्य नेता मौजूद रहे। राष्ट्रपति लोकभवन में दोपहर एक बजे माता



हासी देवी के सम्मान में 200 रुपए का स्मारक सिक्का जारी करेंगी। सीएम साय ने कहा कि ऐतिहासिक बस्तर दशहरा एवं मुरिया दरबार में राष्ट्रपति मुर्मु की सहभागिता छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का अवसर है। उनकी उपस्थिति से प्रदेश की समृद्ध जनजातीय संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं का मान बढ़ेगा और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को नई ऊर्जा मिलेगी। प्रभु श्रीराम के ननिहाल और माता कौशल्या की पावन धरा छत्तीसगढ़ में माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी का समस्त प्रदेशवासियों की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन। ऐतिहासिक बस्तर दशहरा एवं मुरिया दरबार में आपकी गरिमामयी उपस्थिति हमारी समृद्ध जनजातीय संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं का मान बढ़ाएगी तथा विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राष्ट्रपति के छत्तीसगढ़ दौरे पर कहा कि पहले भी छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को राष्ट्रपति निवास पर आमंत्रित किया गया था। बड़े हॉल में भोज का आयोजन किया गया, जहां राष्ट्रपति ने सभी को अपने हाथों से भोजन परोसा। 64 लोगों का सम्मान किया जाना था। इस दौरान सभी ने राष्ट्रपति से निवेदन किया था कि नक्सवाद खत्म हो गया है, इसलिए वे बस्तर आएं।

रेहान वाड्रा की प्रदर्शनी से हटाई गईं 70 से ज्यादा तस्वीरें

भड़कीं प्रियंका गांधी बोलीं, मुझे आप पर गर्व है

नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने अपने बेटे एवं फोटोग्राफर रेहान वाद्रा की प्रदर्शनी से हाल के विरोध प्रदर्शनों की तस्वीरें हटाए जाने के मामले में बृहस्पतिवार को कहा कि जब सत्ता में बैठा कोई व्यक्ति किसी और की अभिव्यक्ति से डरने लगता है तो उसे इसका एहसास नहीं होता, लेकिन वह उस ताकत को पहले ही खो चुका होता है, जिसे वह बचाने की कोशिश कर रहा होता है। प्रियंका गांधी की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब रेहान ने आरोप लगाया है कि दिल्ली के बीकानेर हाउस में उनकी एकल प्रदर्शनी शुरू होने से कुछ घंटे पहले हाल के विरोध प्रदर्शनों की उनकी कई तस्वीरें हटा दी गईं। कांग्रेस नेता ने एक्स पर अपने बेटे के नाम लिखे संदेश में कहा, जब सत्ता में बैठा कोई व्यक्ति किसी और की अभिव्यक्ति से डरने लगता है तो उसे इसका एहसास नहीं होता, लेकिन वह उस ताकत को पहले ही खो चुका



होता है, जिसे वह बचाने की कोशिश कर रहा होता है। आप सही के लिए खड़े रहो और हर खूबसूरत चीज खुद आपके पास आएगी। मुझे आप पर गर्व है और हमेशा रहेगा। रेहान ने बुधवार को कहा था कि प्रदर्शनी के पूर्वावलोकन (प्रिव्यू) से कुछ घंटे पहले उन्हें बताया गया कि यदि तस्वीरें शाम पांच बजे तक नहीं हटाई गईं तो प्रदर्शनी रद्द कर दी जाएगी। उनके मुताबिक, प्रदर्शनी के लिए उन्होंने विस्तृत प्रस्ताव और प्रारूप पहले ही बीकानेर हाउस प्रबंधन के साथ साझा कर दिया था। उन्होंने कहा था कि प्रदर्शनी में शुरुआत में वन्यजीवन, अमूर्त कला और भारत में हाल में हुए युवाओं के विरोध प्रदर्शनों से जुड़ी तस्वीरों सहित 100 से अधिक तस्वीरें थीं तथा इनमें से 70 से अधिक तस्वीर हटा दी गईं और करीब 40 तस्वीर ही प्रदर्शित की गईं। रेहान ने कहा था कि हटाई गई तस्वीरों में कोई राजनीतिक संदेश नहीं था और वे पिछले छह महीनों में हुए विरोध प्रदर्शनों को तस्वीरों के जरिए दर्ज करने का प्रयास थीं। रेहान के अनुसार, बीकानेर हाउस प्रशासन ने तस्वीरें हटाने के पीछे मौजूदा राजनीतिक माहौल का हवाला देते हुए कहा था कि इन तस्वीरों को प्रदर्शित करने का यह सही समय नहीं है।

सोनिया गांधी की इंस्टाग्राम पर एंट्री, पहली पोस्ट में दिखाई अपनी पुस्तक बिलॉन्गिंग की झलक

नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपने पेज की शुरुआत की और उन्होंने उस पर अपनी पुस्तक बिलॉन्गिंग ए जर्नी ऑफ लव की पहली झलक साझा की है। उन्होंने पहली बार किसी सोशल मीडिया मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। सोनिया गांधी ने इंस्टाग्राम पर अपनी पहली पोस्ट में पुस्तक की झलक पेश करते हुए कहा कि वह इस खास पल को सभी के साथ साझा कर रही हैं और सभी की बेहद आभारी हैं। उन्होंने कहा, सभी को नमस्कार। बिलॉन्गिंग ए जर्नी ऑफ लव की पहली झलक आप सभी के साथ साझा करते हुए मैं वास्तव में बहुत आभारी हूं। उन्होंने पुस्तक के विषय का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रेम, कर्तव्य और अपनेपन की जगह तलाशने की कहानी है। सोनिया गांधी ने कहा कि वह इस पुस्तक को पाठकों के साथ साझा करने को लेकर उत्सुक हैं।

जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने दी अमित शाह को जन्मदिन की शुभकामनाएं

नयी दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को जन्मदिन के अवसर पर जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने शुभकामनाएं दी हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। राष्ट्रीय सुरक्षा और एक प्रगतिशील, विकसित भारत के प्रति उनका अटूट संकल्प वास्तव में प्रेरणादायक है। हम उनके अच्छे स्वास्थ्य, शक्ति और राष्ट्र सेवा में उनके दीर्घायु होने की कामना करते हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, हमारे नेता और प्रेरणास्रोत केंद्रीय गृह मंत्री अमितभाई शाह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। पार्टी और राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता हम सभी को निरंतर प्रेरित करती है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपका निर्णायक नेतृत्व, अटूट समर्पण और हमारे राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता तथा प्रगति के प्रति आपकी दृढ़ प्रतिबद्धता पूरे भारत में लाखों लोगों को प्रेरित करती है। इस शुभ अवसर पर, मैं मां दुर्गा से प्रार्थना करता हूं कि वे आपको उत्तम स्वास्थ्य, सुख और मातृभूमि की सेवा में समर्पित एक दीर्घायु प्रदान करें। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की ओर से सोशल मीडिया पर लिखा गया, असम के लोगों की ओर से, मैं अमित शाह को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। इस विशेष दिन पर मैं मां कामाख्या और श्रीमंत शंकरदेव से प्रार्थना करता हूं कि वे राष्ट्र सेवा के उनके प्रयासों में उन्हें दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य का आशीर्वाद दें। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं भगवान बुद्ध से प्रार्थना करता हूं कि वे आपको उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करें तथा राष्ट्र की सेवा करते रहने के लिए आपको शक्ति दें। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

विदेशी संगठनों के साथ मिलकर राहुल गांधी रच रहे हैं देश में सत्ता परिवर्तन की साजिश: भाजपा

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर गैर–जिम्मेदार, अपरिपक्व और देशद्रोही होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह विदेशी संगठनों के साथ सत्ता परिवर्तन



की साजिश रच रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि श्री गांधी देश के सामने अराजकता, अव्यवस्था और देशद्रोह का एक मॉडल पेश करने का आरोप लगाया। इस दौरान उन्होंने कहा, मैं बहुत भारी मन से, गहरे दुख और पीड़ा के साथ कह रहा हूं कि देश के विपक्ष के नेता को गैर–जिम्मेदार, अपरिपक्व, देशद्रोही और मीर जाफर कहना गलत नहीं होगा। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि फॉक्स न्यूज की डिजिटल जांच में खुलासा हुआ है कि फ्रांस और कुछ अन्य देशों में अराजकता और अव्यवस्था के जरिए सत्ता परिवर्तन की जो कोशिशें हुईं, उनके तार भारत के अपरिपक्व विपक्षी नेता और देशद्रोही कहे जा रहे श्री गांधी से जुड़ते हैं। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, फ्रांस में आगजनी, दंगे और अशांति, स्पेन की घटनाएं तथा भारत और अल्बानिया में हुए विरोध प्रदर्शन, इन सभी को प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट का मूल तर्क यह है कि नौ देशों में 101 संगठन मिलकर ऐसी व्यवस्था बना रहे हैं।

अमित शाह का कांग्रेस–आप पर हमला, बोले– यमुना की सफाई के लिए 8,941 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू



नयी दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली में यमुना नदी की सफाई और जल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शुरू की गई परियोजनाओं के मौके पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड की 43 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं पर कुल 8,941 करोड़ रुपये खर्च किए जाने की योजना है। इस दौरान शाह ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में यमुना के पुनरुद्धार के लिए तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने विपक्ष पर विकास कार्यों के बजाय राजनीतिक बहाने बनाने का आरोप भी लगाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यमुना को स्वच्छ बनाने के लक्ष्य पर काम करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की थी। शाह के मुताबिक, इस बैठक में यमुना के पुनरुद्धार को लेकर दिल्ली सरकार और गृह मंत्रालय के सामने प्रधानमंत्री की योजना रखी गई थी। गृह मंत्री ने कहा कि कम समय में योजना के तहत 40 प्रतिशत से अधिक काम पूरा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि शुरू की गई परियोजनाओं में गंदे पानी के शोधन, सीवरेज व्यवस्था में सुधार और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बढ़ाने से जुड़े कार्य शामिल हैं। शाह ने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य दिल्ली के हर घर तक सीवरेज कनेक्शन पहुंचाना और लोगों को साफ पीने का पानी उपलब्ध कराना है। उन्होंने यमुना की सफाई के लिए तीन साल की कार्ययोजना तैयार करने की भी बात कही। अमित शाह ने अपने भाषण में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्षी दलों पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा पर वोट चोरी के आरोप लगाकर विपक्ष राजनीतिक बहाने बना रहा है। शाह ने दावा किया कि विपक्षी दल घुसपैठियों के वोट बचाने के लिए इस तरह के मुद्दे उठा रहे हैं। गृह मंत्री ने ईवीएम और चुनावी प्रक्रिया को लेकर विपक्ष की ओर से उठाए जाने वाले सवालों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा की चुनावी सफलता को इन आरोपों से नहीं समझा जा सकता। उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की जनता विपक्ष की राजनीति को समझ चुकी है। शाह के ये बयान ऐसे समय आए हैं, जब मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रिया को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच आरोप–प्रत्यारोप जारी हैं।

संपादकीय

यूरोप में बवाल

फ्रांस में स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग को लेकर शुरू हुआ आंदोलन धीरे–धीरे आगजनी और मॉल व महंगे स्टोरों में लूट तक जा पहुंचा है। निस्संदेह, कथित वैश्वीकरण और उदारीकरण के चलते वैश्विक स्तर पर उपजी आर्थिक विषमता ने अमीरी–गरीबी की खाई को और गहरा किया है। एक ओर जहां व्यापार के केंद्र बने अभिजात्य वर्ग के स्कूल–कॉलेज व विश्वविद्यालय फल–फूल रहे हैं,वहीं सरकारी अनुदान से चलने वाले शिक्षण संस्थानों की बदहाली जगजाहिर है। यह विषमता विश्वव्यापी है और आक्रोश भी। दरअसल, लोकतांत्रिक सरकारों की जो परंपरागत कल्याणकारी नीतियों की अवधारणा थी, वह नये आर्थिक दौर में मुनाफे पर आधारित व्यवस्था में तब्दील होती गई। राजनेताओं व सत्ता से जुड़े लोगों की शैक्षणिक संस्थाओं के मुनाफे में भागीदारी ने स्थितियों को विषम बनाया है। हालांकि, सत्ताधीशों की विलासिता में कोई कमी नहीं आई, लेकिन आम जनता चौतरफा आर्थिक दबावों से जूझ रही है। सबसे पहले एक सदी बाद आई कोरोना की महामारी ने विश्व आपूर्ति शृंखला को तो बाधित किया ही, सैकड़ों किस्म के रोजगारों को भी खत्म किया। जैसे–तैसे एक साल बाद उस आर्थिक संकट से दुनिया उबरने की कोशिश में थी कि युद्ध ने सब चौपट कर दिया। दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को पहले रूस–यूक्रेन युद्ध ने बुरी तरह प्रभावित किया। फिर इस्राइल–हमास संघर्ष ने इस संकट को बढ़ाया। इसके उपरांत अमेरिका द्वारा ईरान पर थोपे गये युद्ध ने पूरी दुनिया में ईंधन संकट खड़ा कर दिया। दुनिया के देशों के बजट चरमराए और लोक कल्याण से जुड़ी संस्थाएं और योजनाएं हाशिये पर आ गई। वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने से ईंधन के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई और महंगाई कुलांचे भरने लगी। जो कालांतर सामाजिक असंतोष की वाहक बनी। निस्संदेह, सुनहरे सपने लेकर आगे बढ़ रही युवा पीढ़ी की आशाओं पर इस संकट ने तुषारापात किया। शिक्षा व्यवस्था महंगी हुई और रोजगार के अवसर सिमटते गए। निस्संदेह, दुनिया की महाशक्तियों की निरंकुश व निर्मम नीतियों ने पूरी दुनिया में लोगों के जीवन को कष्टकारी बनाया है। इसीलिए भविष्य की आशंकाओं ने युवाओं को आक्रोशित किया। दरअसल, यूरोप के जिन तमाम देशों में फिलहाल आक्रोश की लपटें दिखायी दे रही हैं, उनके मूल में सिर्फ युवाओं का गुस्सा ही नहीं है। इस तपिश में रोटी सेंकने के लिये राजनीतिक दल आतुर दिखायी देते हैं। फ्रांस में जहां दक्षिणपंथी उभार के संकेत दिखायी दे रहे हैं, वहीं कुछ देशों में वाम व श्रमिक संगठन अपने अवसर तलाश रहे हैं। जहां दक्षिणपंथी दल प्रवासियों को अपने–अपने देश की समस्याओं की वजह बता रहे हैं, वहीं वामपंथी दल सत्ता में भागीदारी को आतुर हैं। यह कटु सत्य यह है कि जिन देशों में इस समय आंदोलन उभार पर हैं, उनमें से स्पेन, फ्रांस, इटली,पोलैंड और ग्रीस में महत्वपूर्ण चुनाव होने वाले हैं। अतरू इन आंदोलनों के राजनीतिक निहितार्थ समझना कठिन नहीं होगा। आम आदमी जहां पेट्रोलियम पदार्थों, खाद्य वस्तुओं की कीमतें और आवासीय महंगाई बढ़ने से आक्रोशित है, वहीं युवा रोजगार संकट से त्रस्त हैं। उन्हें अपना भविष्य अंधकारमय दिखायी दे रहा है। वहीं अल्बानिया में हिंसक रूप ले चुका आंदोलन सिस्टम के भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुखर है। आंदोलनकारियों ने लोकतंत्र के आधारभूत स्तंभों से जुड़े संस्थानों तक को आग के हवाले किया है। दरअसल, समाज में एक ओर अभिजात्य वर्ग की विलासिता बदस्तूर जारी है, वहीं दूसरी ओर समाज के एक बड़े वर्ग को रोटी–कपड़ा–मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिये संघर्ष करना पड़ रहा है। सत्ताधीशों की संवेदनहीनता और लोक कल्याण के वायदों का हकीकत न बन पाना आक्रोश की वजह बन रहा है। कहीं न कहीं कथित सोशल मीडिया ने भी इस तपिश को ईंधन उपलब्ध कराया है। जिसमें दिखाया जा रहा स्वप्नलोक तो लुभावना है, लेकिन हकीकत खुरदरी है। एक तरफ अथाह विलासिता के बिंब हैं, दूसरी तरफ जीवन की मूलभूत जरूरतों का संकट। वहीं सोशल मीडिया पर प्रसारित अप्रमाणिक व अतिरंजित सामग्री युवाओं को आक्रामक बना रही है। वे विषमता व विसंगतियों के खिलाफ खड़े होते हैं तो उनका आंदोलन निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा हैक कर लिया जाता है। निस्संदेह, दुकानों को लूटने वाले जेन–जी नहीं हो सकते। मॉस्क व हूडी पहनकर सुपर बाजार व मॉल लूटने वालों की वास्तविक पहचान करने की जरूरत है।

गैंगस्टर को कानूनी संरक्षण क्यों

डॉ. दीपक पाचपोर

अनिल पंडित और हरमन संधू का कहना है कि टाइगर श्रॉफ को सलमान खान के साथ काम न करने की हिदायत दी गई थी, लेकिन उसने बात नहीं मानी।

फिल्म अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर मुंबई में रविवार शाम उस समय सरेराह गोलियां बरसाई गईं, जब वे फुटबॉल खेलने के बाद अपनी गाड़ी में बैठकर घर की तरफ जा रहे थे। भीड़भाड़ होने की वजह से गाड़ी की रफ्तार धीमी थी, अभिनेता को देखने के लिए लोग जमा थे, हाथों में मोबाइल थे, लिहाजा घटना के कई वीडियो भी सामने आए हैं। जिनमें साफ दिख रहा है कि दो लोग आराम से पिस्तौल निकाल कर गोलियां बरसाते हैं और फिर भाग जाते हैं। फिल्मों और धारावाहिकों में तो ऐसे कई दृश्य देखे गए हैं, लेकिन असल जिंदगी भी फिल्मी कहानियों से अलग कहां हैं। इस गोलीबारी में टाइगर श्रॉफ बाल–बाल बचे, अलबत्ता उनके ड्राइवर को हाथ में गोली लगी और कार के बगल में ही मौजूद एक अन्य व्यक्ति को भी गोली लगी। टाइगर श्रॉफ फिल्मों में अपने एक्शन और स्टंट सीन्स के लिए खासे मशहूर हैं और ये देखकर अच्छा लगा कि घटना के बाद उन्होंने पर्दे की तरह बहादुरी दिखाते हुए ड्राइविंग सीट पर आकर स्टीयरिंग संभाला और अपने ड्राइवर को अस्पताल ले गए। आप पर गोलियां चलें और उसके कुछ क्षणों में ही आप खुद को संभाल लें, यह काम आसान नहीं है। इस घटना के बाद अनिल पंडित और हरमन संधू ने बाकायदा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जिम्मेदारी ली है। बताया जा रहा है कि ये लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े लोग हैं। मुंबई में इससे पहले बाबा सिद्दीकी की इसी तरह गोलियों से जान ले ली गई थी, फिर सलमान खान के घर पर भी गोलीबारी की गई थी। उधर पंजाब में गायक सिद्धू मूसेवाला को भी ऐसे ही मारा गया था। तमाम घटनाओं में लॉरेंस बिश्नोई का ही नाम सामने आ रहा है। अनिल पंडित और हरमन संधू का कहना है कि टाइगर श्रॉफ को सलमान खान के साथ काम न करने की हिदायत दी गई थी, लेकिन उसने बात नहीं मानी। दरअसल बिश्नोई गैंग सलमान खान के काले हिरण के शिकार वाले मामले में उनका दुश्मन बना हुआ है। हालांकि कानून हाथ में लेने का यह कोई बहाना नहीं होता। असल बात यह है कि अब लॉरेंस बिश्नोई वही जगह ले चुका है जो एक वक्त हाजी मस्तान या दाउद इब्राहिम जैसे कुख्यात अपराधियों की होती थी। फर्क इतना ही है कि लॉरेंस बिश्नोई ने हिंदुत्व का कवच ओढ़ रखा है। सोशल मीडिया पर देखा जा सकता है कि कितने दक्षिणपंथी लोगों ने लॉरेंस बिश्नोई की शान में समय–समय पर कसीदे गढ़े हैं। कानून हाथ में लेते हुए अपनी सुविधा के हिसाब से लोगों को मारना या धमकाना अपराध के अलावा और कुछ नहीं हो सकता। लेकिन इस पर ज्यादा चर्चा इस समय इसलिए नहीं हो रही है क्योंकि लॉरेंस बिश्नोई हिंदुत्ववादी लोगों की नजरों में चढ़ा हुआ है। टाइगर श्रॉफ मामले में ही दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि इस घटना के बारे में जो कॉल था, उसमें लॉरेंस बिश्नोई साहब का नाम लिया गया था। सोचिए किस तरह एक गैंगस्टर को पुलिस अधिकारी ने साहब कहा और मुख्यधारा का मीडिया सवाल नहीं कर रहा। अगर ऐसा ही बयान कांग्रेस सरकार के वक्त दिया गया होता तो अब तक गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग कर ली गई होती। लेकिन फिलहाल पूरे मामले में अमित शाह पर कोई सवाल ही नहीं कर रहा है। मुंबई में नवरात्रि के वक्त इस तरह की घटना पर कायदे से सरकार को जिम्मेदारी लेते हुए माफी मांगनी चाहिए थी कि कानून व्यवस्था में इतनी बड़ी चूक हो गई। लेकिन इसकी जगह विपक्ष को सवाल उठाने पर घेरा जा रहा है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस दावा कर रहे हैं कि अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने इनके आका जो कहीं छुपकर बैठे हैं, उनको भी हम ढूंढने का काम करेंगे। हम केंद्र सरकार की मदद से उनको ढूंढेंगे और उन पर कार्रवाई की जाएगी। कोई भी गैंग या कोई भी व्यक्ति हो, उसको छोड़ा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री का यह बयान हास्यास्पद लगता है। क्योंकि मामले में अगर लॉरेंस बिश्नोई का नाम आया है, तो उससे पूछताछ करना कोई कठिन नहीं है। क्योंकि वह अभी फरार नहीं है, पिछले चार सालों से गुजरात की जेल में ही बंद है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक इस हमले के तीन अभियुक्तों को राजस्थान के कोटा से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लेकिन ऐसी कोई खबर नहीं आई है कि मुंबई पुलिस पूछताछ के लिए गुजरात पहुंची हो। क्योंकि लॉरेंस बिश्नोई को तो साबरमती जेल से बाहर ही नहीं लाया जा सकता। अगस्त 2023 में केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 268 के तहत आदेश जारी कर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को गुजरात की साबरमती सेंट्रल जेल से बाहर ले जाने पर पाबंदी लगा दी थी। इस आदेश के कारण अन्य राज्यों जैसे मुंबई, पंजाब या दिल्ली की पुलिस उसे अपने राज्य ले जाकर पूछताछ नहीं कर सकती। यदि किसी एजेंसी को पूछताछ करनी होती है, तो उसे साबरमती जेल परिसर के भीतर ही जाकर पूछताछ करनी पड़ती है। अब सुरक्षा और कानून–व्यवस्था के खतरों का हवाला देते हुए केंद्र सरकार इस आदेश को हर साल आगे बढ़ाती रही है। लॉरेंस बिश्नोई की तरह ही उसके छोटे भाई अनमोल बिश्नोई को भी पूछताछ के लिए एक साल तक तिहाड़ जेल से बाहर न निकालने के आदेश दिए गए हैं। गृह मंत्रालय ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 300 के तहत यह आदेश जारी किया है। जिसके मुताबिक अनमोल का किसी भी राज्य की पुलिस या केंद्रीय एजेंसियां अगले एक साल तक ट्रांजिट रिमांड नहीं ले पाएगी। इन आदेशों के पीछे कारण बताया जा रहा है कि लारेंस भाइयों को उसके विरोधी गैंगस्टर हिमांशु भाऊ, दविंदर सिंह बंबिहा, नीरज बवाना, कौशल चौधरी, जग्गू भगवानपुरिया, गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा जैसों से जान को खतरा है।

सऊदी अरब पर हूती जाल

असद मिर्जा

यमन के हूतियों के साथ सऊदी अरब का नया टकराव दिखाता है कि हवाई ताकत की सीमाएं हैं, खासकर ऐसे लचीले आंदोलन के सामने जिसकी जड़ें स्थानीय राजनीति, भूभाग और विचारधारा में हैं। अब्दुल–मलिक अल–हूती के नेतृत्व वाला यह समूह अपेक्षाकृत कम लागत पर हवाई अड्डों और जहाजों के लिए खतरा पैदा कर सकता है। इससे रियाद के सामने दुविधा है कि जवाबी कार्रवाई करे या तनाव बढ़ने, नागरिकों को होने वाले नुकसान और एक और अंतहीन युद्ध का जोखिम उठाए। सऊदी अरब 2015 में यमन के युद्ध में इस मकसद से उतरा था कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार को बहाल किया जाए और अपनी दक्षिणी सीमा पर एक शत्रुतापूर्ण आंदोलन को मजबूत होने से रोका जाए। वर्षों के हवाई हमलों, नाकेबंदी और गठबंधन युद्ध के बावजूद यह लक्ष्य हासिल नहीं हुआ। अब हूतियों द्वारा सऊदी हवाई अड्डों और समुद्री यातायात पर नए हमलों की खबरें एक खतरनाक उलटफेर की ओर इशारा करती हैं। राज्य एक बार फिर ऐसे प्रतिद्वंद्वी का सामना कर रहा है जिसे वह रोक नहीं पाया, जबकि निर्णायक जीत की संभावना दूर बनी हुई है। दांव बहुत ऊंचे हैं। 2022 में संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से हुए संघर्षविराम के बाद शांत पड़ा यह क्षेत्रीय संघर्ष फिर तेज हो गया है। हूती सऊदी ठिकानों और बाब अल–मंदब जलडमरूमध्य के पास व्यावसायिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। यह जलडमरूमध्य लाल सागर और अदन की खाड़ी के बीच का अहम रास्ता है। अब्दुल–मलिक अल–हूती 2004 से आंदोलन के नेता हैं। वे हुसैन अल–हूती के छोटे भाई हैं, जिन्होंने इस आंदोलन की स्थापना की थी। अंसार अल्लाह के नाम से जाना जाने वाला यह समूह यमन के उत्तरी सादा क्षेत्र में जैदी शिया समुदायों के बीच उभरा। इसके उदय के पीछे स्थानीय शिकायतें, केंद्र सरकार का विरोध और सुन्नी–सलाफी प्रभाव से टकराव थे, केवल ईरान का निर्देश नहीं। भाई की मृत्यु के बाद अल–हूती आंदोलन के केंद्रीय राजनीतिक, धार्मिक और सैन्य चेहरे बन गए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रतिबंध–सारांश के अनुसार, हूती बलों ने सितंबर 2014 में सना पर कब्जा किया और अगले जनवरी में यमन की सरकार को हटाने की कोशिश की। आंदोलन की विचारधारा जैदी धार्मिक पहचान, यमनी राष्ट्रवाद और अमेरिका तथा इजरायल के विरुद्ध प्रतिरोध की व्यापक भाषा को जोड़ती है। इसके नेता अपने संघर्ष को विदेशी हस्तक्षेप और उत्पीड़न के विरुद्ध रक्षा के रूप में प्रस्तुत करते हैं और अपनी क्षेत्रीय छवि को बढ़ाने के लिए फिलिस्तीनियों के समर्थन का इस्तेमाल करते हैं। यह प्रस्तुति यमन से बाहर भी असर डाल सकती है, लेकिन यह जटिल राजनीतिक संघर्षों को सभ्यताओं के टकराव में सीमित कर देती है। विश्लेषकों ने ध्यान दिलाया है कि हूती संदेश अक्सर व्यापक रूप से इस्लाम का हवाला देते हैं, जबकि आंदोलन की विशिष्ट धार्मिक जड़ें जैदी हैं। इसकी बयानबाजी में यहूदी–विरोधी धारणाएं भी शामिल रही हैं। न इसके राजनीतिक दावों को और न इसके कार्यों को इस्लाम या समस्त यमनियों का प्रतिनिधि माना जाना चाहिए। सऊदी अरब की सैन्य बढ़त जमीन पर नियंत्रण में नहीं बदल पाई। हूती उत्तर के दुर्गम पहाड़ी इलाकों से काम करते हैं, स्थानीय समुदायों में रचे–बसे नेटवर्क रखते हैं और उन्होंने विद्रोह तथा असममित युद्ध का अनुभव विकसित किया है। मिसाइलों और ड्रोनों के सहारे वे राज्य की पारंपरिक सेना की बराबरी किए बिना दूर के बुनियादी ढांचे को खतरे में डाल सकते हैं। सऊदी वायु–रक्षा प्रणालियां हमलों को रोक भी लें, तब भी लगातार चौकसी, व्यवधान और अनिश्चितता की कीमत बनी रहती है। तकनीकी रूप से श्रेष्ठ सेना प्रक्षेपण स्थलों को नष्ट कर सकती है, लेकिन हर हथियार की पहचान करना, हर प्रक्षेपण को रोकना या आसमान से राजनीतिक समाधान थोप देना उसके लिए आसान नहीं। इसी असंतुलन ने रियाद को दलदल में खींच लिया है। शुरुआती हस्तक्षेप सीमित और निर्णायक होना था। इसके बजाय वह बदलते गठबंधनों, भारी नागरिक क्षति और बिना स्पष्ट सैन्य अंतिम लक्ष्य वाला लंबा संघर्ष बन गया। हवाई शक्ति और नाकेबंदी दबाव बना सकती थीं, लेकिन उन्होंने उन शिकायतों को भी गहरा करने का जोखिम उठाया जिनका इस्तेमाल हूती भर्ती और लामबंदी के लिए करते रहे हैं। सऊदी नेतृत्व के सामने जानी–पहचानी दुविधा है या तो तनाव बढ़ाए और हवाई अड्डों, ऊर्जा संपत्तियों तथा जहाजों पर जवाबी हमलों का जोखिम उठाए, या समझौते की राह चुने जो हूतियों को मजबूत और जमा हुआ छोड़ सकता है। हाल की रिपोर्टिंग में उद्धृत विश्लेषक दोनों विकल्पों को कठिन बताते हैं, खासकर नागरिक बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों के बाद। इसकी कीमत युद्धक्षेत्र से आगे तक जाती है। यमन की आबादी ने वर्षों तक विस्थापन, खाद्य असुरक्षा और क्षतिग्रस्त स्वास्थ्य सेवाओं को झेला है। नए सिरे से हो रही लड़ाई पहले से गंभीर मानवीय संकट को और बढ़ाने का खतरा पैदा करती है। समुद्री हमलों के नतीजे भी यमन से कहीं दूर तक पहुंचते हैं। बाब अल–मंदब का रास्ता यूरोप और एशिया के बीच जहाजरानी को जोड़ता है, और उसमें बाधा से बीमा तथा परिवहन लागत बढ़ सकती है, माल की आपूर्ति में देरी हो सकती है और ऊर्जा बाजार अस्थिर हो सकते हैं। एक घरेलू युद्ध को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए खतरे में बदल देने की हूतियों की क्षमता उन्हें उनकी पारंपरिक सैन्य ताकत से कहीं ज्यादा प्रभाव देती है। क्षेत्रीय राजनीति सऊदी गणनाओं को और जटिल बनाती है। हूतियों के साथ ईरान का रिश्ता तेहरान को एक प्रतिद्वंद्वी पर दबाव डालने और अपना प्रभाव बढ़ाने का अवसर देता है, हालांकि आंदोलन की अपनी यमनी जड़ें और हित हैं। इसे सीधे ईरान का छद्म बताना उसकी स्वायत्तता को नजरंदाज करना है। सऊदी अरब का नया अभियान उसकी साझेदारियों की भी परीक्षा लेता है। पहले फ्रांस और ब्रिटेन ने सैन्य सहयोग की पेशकश की थी, जबकि अमेरिका ने कथित तौर पर सीधी भागीदारी से परहेज किया और प्रतिस्पर्धी सैन्य जरूरतों के बीच नियोजित हमले रद्द कर दिए। रियाद को बुनियादी ढांचे की रक्षा में मदद मिल सकती है, लेकिन बाहरी साझेदारों की एक और अंतहीन मुहिम में खिंचने की कोई इच्छा नहीं दिखती। धार्मिक पहलू पर सावधानी जरूरी है, खासकर जब यमन की तुलना सीरिया से की जाए। इस्लाम इनमें से किसी भी संघर्ष की एकमात्र व्याख्या निर्धारित नहीं करता, और न ही किसी भी युद्ध को केवल सुन्नी–शिया संघर्ष तक सीमित किया जा सकता है। यमन में जैदी पहचान ऐतिहासिक और राजनीतिक रूप से मायने रखती है, लेकिन संघर्ष में राज्य का पतन, क्षेत्रीय हस्तक्षेप, स्थानीय सत्ता–संघर्ष और शासन के प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण भी शामिल हैं। सीरिया में विद्रोह और उसके बाद के गृहयुद्ध में अभिनेताओं का मिश्रण अलग थारू सरकारी बल, विपक्षी गुट, कुर्द–नेतृत्व वाले समूह, जिहादी संगठन और विदेशी शक्तियां। सांप्रदायिक पहचानों का राजनीतिकरण और दुरुपयोग हुआ, लेकिन वे हर भागीदार के लक्ष्यों या युद्ध की उत्पत्ति की व्याख्या नहीं करतीं। जिहाद जैसी इस्लामी अवधारणाओं की मुस्लिम परंपराओं में अलग–अलग व्याख्याएं हैं। वे आध्यात्मिक संघर्ष, आक्रमण के विरुद्ध रक्षा या कुछ राजनीतिक आंदोलनों में सशस्त्र प्रतिरोध का अर्थ दे सकती हैं। धार्मिक वैधता के दावे विवादित बने रहते हैं। इसलिए यमन या सीरिया के युद्धों को इस्लामी युद्ध कहना गलत है, मानो सभी मुसलमानों की एक ही राय हो या संघर्षों का एक ही धार्मिक कारण हो। धार्मिक भाषा समर्थकों को लामबंद कर सकती है और हिंसा को जायज ठहरा सकती है, लेकिन इससे यह तय नहीं होता कि कोई कार्य वैध या न्यायसंगत है या नहीं। यह आकलन व्याख्या, परिस्थितियों और नागरिक सुरक्षा के नियमों पर निर्भर करता है, किसी गुट के इस्लाम की ओर से बोलने के दावे पर नहीं।

सिंहासन खाली करो कि जनता आती है!

राजेंद्र शर्मा

बिहार में चुनाव के मौके पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामधारी सिंह दिनकर को याद करना नहीं भूलते हैं। लेकिन, लगता है कि इस महान कवि की उक्त कालजयी पंक्ति को समझ कर भी नासमझ बनने की मुद्रा अपनाने में ही प्रधानमंत्री ने अपना फायदा समझा है। वर्ना पिछले करीब हफ्ते भर से सत्ताधारी निजाम जिस तरह से अपने हटाए जाने की देसी ही नहीं विदेशी तक साजिशों का सरासर झूठा शोर मचाकर, अपने राज में रचे गए चुनावों को ही बेमानी बना देने के संविधानविरोधी, जनतंत्रविरोधी षड्यंत्र पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है, उसने दिनकर की उक्त पंक्ति को कब का राष्ट्र–विरोधी घोषित कर दिया होता। क्योंकि कवि ने जनता की इच्छा के लिए, सिंहासन खाली करने की बात तो कही है, लेकिन इसमें साफ–साफ शब्दों में यह शर्त तो जोड़ी ही नहीं है कि चुनाव के जरिए जनता (की इच्छा) आती है! यह और भी विडंबनापूर्ण है कि अपने विरोधियों और आलोचकों पर, चुनाव के जरिए सत्ता परिवर्तन के जनतांत्रिक तरीके के बजाए, अलोकतांत्रिक तरीकों से सत्ता परिवर्तन का षड्यंत्र रचने के आरोप, वही सत्ताधारी संघ–भाजपा गिरोह लगा रहा है, जिस पर इल्जाम ही यह है कि उसने पूरी तरह से पक्षपाती चुनाव आयोग के साथ मिलकर, ठीक चुनाव के जरिए सत्ता परिवर्तन का रास्ता ही रोकने का षड्यंत्र रचा है। दूसरे शब्दों में, सत्ताधारियों का विपक्ष पर अलोकतांत्रिक तरीकों से सत्ता परिवर्तन की कोशिश का आरोप, वास्तव में देश में चुनाव को ही निरर्थक बना देने के मौजूदा निजाम के इंतजामों का ही पूरक है। सत्ताधारियों को चिंता है कि इसका इंतजाम तो उन्होंने कर लिया है कि चुनाव के जरिए उन्हें सत्ता से हटाया ही नहीं जा सकता है, लेकिन यह भी शजनता के आ धमकनेश से तो पूर्ण सुरक्षा नहीं देता है। तानाशाहों को जनता के आने के खिलाफ सुरक्षा के लिए हमेशा राजकीय हिंसा की जरूरत होती है और जनता से पूर्ण सुरक्षा के लिए, उसकी हरेक हरकत को, हरेक आंदोलन को आपराधिक षड्यंत्र बना देने की। अपने खिलाफ जनता के हरेक आंदोलन को, अपनी हरेक गंभीर आलोचना को, आपराधिक षड्यंत्र बना देने में वर्तमान मोदी–शाह निजाम ने भारी महारत हासिल कर ली है। इस जनविरोधी और बुनियादी अर्थ में जनतंत्रविरोधी खेल के सिर्फ तीन खास उदाहरणों की यहां याद दिलाना ही काफी होगाकृभीमा कोरेगांव षड्यंत्र केसय तीन काले कानूनों के खिलाफ देश के किसानों का ऐतिहासिक आंदोलनय और तथाकथित दिल्ली दंगा वृहत्तर षड्यंत्र केस। बेशक, ऐसे ही उदाहरण और भी अनेक हैं, लेकिन यहां इन तीन उदाहरणों का जिक्र सिर्फ यह रेखांकित करने के लिए किया जा रहा है कि मोदी निजाम ने, अपने नियंत्रण से बाहर जनता की हरेक गोलबंदी को, राष्ट्रविरोधी षड्यंत्र साबित करने कोशिश करने को नियम ही बना लिया है। और तो और, मोदी के सर्वाधिक कृपाप्राप्त, महा–धन्नासेठ, अडानी की कारोबारी धांधलियों और गड़बड़ियों को उजागर किए जाने को भी वर्तमान निजाम ने हर बार, भारत–विरोधी षड्यंत्र बनाने की ही कोशिश की है। इसलिए, हैरानी की बात नहीं है कि नीट परीक्षा लीक के बहाने, शिक्षा की बहाली तथा रोजगार के अभाव की युवाओं की चिंताओं के गिर्द और कॉकरोच जनता पार्टी तथा वामपंथी छात्र संगठनों की पहल पर, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को केंद्र में रखकर देश में विशेष कर युवाओं या जेन जी की गोलबंदी हुई थी, मोदी राज ने उसे भी अपने खिलाफ देशी–विदेशी षड्यंत्र बनाने की और शासन की ताकत के बल पर दबाने की हर मुमकिन कोशिश की थी। यह दूसरी बात है कि दमन के उसके ये हथकंडे उसके लिए उल्टे पड़ गए और उसके अपने मध्यवर्गीय समर्थन आधार में भी दरारें पड़ने लगीं, जिसे संभालने की कोशिश में उसे अपनी हमारे राज में इस्तीफे नहीं होते की तानाशाहाना ठसक को छोड़कर, प्रधान का इस्तीफा लेना पड़ा। लेकिन, तब तक खुल्लमखुल्ला सत्तापक्ष का पहरुआ बन गए चुनाव आयोग की मदद से, मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर मर्जी के नाम जोड़ने और नापसंद नाम काटने के जरिए, चुनावों को प्रभावित करने के खेल को, मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण या एसआरआर के जरिए, सत्ताधारियों के हिसाब से मतदाताओं की चुनाव के स्तर पर पहुंचा दिया और वह भी खुल्लमखुल्ला मनमानी करते हुए। बंगाल के चुनाव में यह खेल एकदम ही खुलकर सामने आ गया, जहां केंद्र में सत्ताधारी भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए, न सिर्फ समूची चुनावी मशीनरी तथा चुनावों के दौरान प्रशासनिक मशीनरी को ठोक–पीटकर केंद्रीय सत्ता के प्रति वफादार बना दिया गया बल्कि पूरे सत्ताईस लाख मतदाताओं का मताधिकार घोषित रूप से छीनते हुए, जोकि टार्गेटेड तरीके से किया जा रहा था, चुनाव कराए गए, जिसने चुनाव को ही सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया। ये लाखों मतदाता चुनाव के महीनों बाद भी अनिश्चितता के झूले ही में झूल रहे हैं, जबकि बंगाल में चुनाव आयोग की मदद से कराए गए रिजीम चेंज या सत्ता परिवर्तन के बाद से, इनकी नागरिकता पर भी सवालिया निशान लगा दिए गए हैं। इसी सब की पृष्ठभूमि में, जब यह तथ्य सामने आया कि एसआईआर की प्रक्रिया में, जिससे अब भी देश का एक हिस्सा कवर नहीं हुआ है, पिछली मतदाता सूचियों में रहे पूरे 13 करोड़ 30 लाख नाम बाहर किए जा चुके हैं, जो कि दुनिया के आठ–दस सबसे बड़े देशों को छोड़कर, बाकी सभी देशों की आबादी से भी ज्यादा संख्या है, तो इस प्रक्रिया के साथ शुरूआत से ही लगा रहा श्वोट चोरीश्च का संदेह यकीन में बदल गया और इसकी आलोचनाएं एक जन–विक्षोभ में। राजधानी दिल्ली में, जहां हर तीसरा मतदाता इसकी कैंची के नीचे आ गया और दो चुनाव आयुक्तों समेत, अनेक वीआईपी मतदाताओं का वोट खतरे में आ गया, जिनके लिए चुनाव आयोग को संबंधित एप में अलग से विशेष व्यवस्था भी करनी पड़ी और दूसरी ओर, कई मतदान केंद्रों पर करीब सारे के सारे वोट ही एसआईआर की कैंची के नीचे आ गए, मीडिया में अपेक्षाकृत अधिक तथा मतदाताओं के प्रति सहानुभूतिपूर्ण कवरेज ने इस विभीषिका को देश भर के सामने गहरे रंग से रेखांकित कर दिया। इसी पृष्ठभूमि में आए इंडियन एक्सप्रेस तथा अन्य प्रकाशनों के रहस्योद्घाटनों ने विपक्ष की बदतरीन आशंकाओं की सचाई के सबूत पेश कर दिए।

प्रयागराज के पुलिस कमिशनर नें बचाया गरीब का घर, भू माफियाओ का मंसूबा नहीं हुआ पूरा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। जिले के पुलिस कमिशनर पियूष मोर्डीया नें एक गरीब का आशियाना बचा लिया, ब्ब के प्रयास से बुजुर्ग पति पत्नी वापस अपने घर पर दाखिल हो सके, दरअसल मामला प्रयागराज के नैनी इलाके के डांडी का हैं का इस इलाके मे बुजुर्ग मोहम्मद फैयाज 40 सालो से अपनी पत्नी के साथ रहते हैं फैयाज की पत्नी कैंसर की मरीज हैं, विपक्षी भू माफिया फैयाज की जमीन के कागजात बनवा कर अपनी जमीन को बता रहें हैं,मामला सिविल कोर्ट गया जहाँ पर कोर्ट नें यथा इस्थिति बने रहने का ऑर्डर किया , लेकिन उसके बावजूद कुछ कथित भू माफियाओ नें पीड़ित के घर का गेट जबरजस्ती तोड़ा और कब्जा कर लिया, मामले की शिकायत ब्ब पियूष मोर्डीया के पास पहुंची तो उन्होंने नैनी थाने के इंस्पेक्टर को निर्देश दिया नैनी थाने के प्रभारी अविनाश सिंह और एग्रीकल्चर चौकी इंचार्ज अभय सिंह नें पीड़ित को तुरंत अपने घर भेजा और कब्जा दिलवाया इससे भू माफियाओ के अरमानो पर पानी फिर गया। पीड़ितों नें प्रयागराज के पुलिस कमिशनर का दिल से आभार जताया उनका कहना हैं की अगर ऊपर के पुलिस अधिकारी न होते तो आज उनका घर छीन लिया जाता, पीड़ित फैयाज का कहना हैं की लोग कई सालो से उसके पीछे पड़े हैं ताकि हम लोग घर छोड़ कर चले जाये जबकि कागजी तौर पर हम लोग सही हैं इसी वजह से सिविल कोर्ट मे भी हमने वाद दाखिल किया हैं।





प्रयागराज जिले की पुरुष खो खो टीम घोषित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सीनियर राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता जो की अंबेडकर नगर खो खो स्पोर्ट्स प्रमोशन एसोसिएशन अंबेडकर नगर



में दिनांक 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर तक आयोजित की जा रही है जिसके लिए पुरुष वर्ग की टीम का आज चयन किया गया खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है सुरेश कुमार (कैप्टन), प्रदीप कुमार, आशीष पटेल ,शिवम पटेल ,जितेंद्र पाल, आकाश यादव , सुभाष कुमार, किशन कुमार पटेल,विपिन सिंह, अनुज कुमार, विकास सेन, विकास यादव, सुरक्षित खिलाड़ी मनीष भारतीय, रोशन , शहान जिलानी इस टीम के प्रशिक्षक रंजीत चौरसिया जी होगे।

नैनी में दर्दनाक हादसा- गाड़ी की चपेट में आकर आठ साल की बच्ची की मौत

प्रयागराज। प्रयागराज के नैनी स्थित प्रयाग पुरम में बृहस्पतिवार दोपहर दर्दनाक हादसे में आठ वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची स्कूल से घर पहुंची थी। आरोप है कि उसे गाड़ी से उतारने के बाद चालक ने वाहन आगे बढ़ा दिया, जिसकी चपेट में बच्ची आ गई। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों ने चालक को रोककर पुलिस को सूचना दी। नैनी क्षेत्र के प्रयाग पुरम में बृहस्पतिवार दोपहर दर्दनाक हादसे में आठ वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की पहचान तस्वनी उदयांशी पाठक के रूप में हुई है। वह दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में तीसरी कक्षा में पढ़ती थी। बच्ची के पिता मनीष कुमार पाठक दिल्ली में नौकरी करते हैं। बृहस्पतिवार दोपहर बच्ची को स्कूल से घर छोड़ने के लिए एक गाड़ी आई थी। बताया जा रहा है कि बच्ची को गाड़ी से उतारने के बाद चालक ने वाहन आगे बढ़ा दिया। इसी दौरान बच्ची गाड़ी की चपेट में आ गई। हादसे में उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद मोहल्ले के लोगों ने चालक को रोक लिया और डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस चालक को थाने ले गई। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल रहा। पुलिस की ओर से घटना के संबंध में आधिकारिक जानकारी और हादसे की परिस्थितियों की पुष्टि होने के बाद ही अन्य तथ्य स्पष्ट हो सकेंगे।

श्रृंग्वेरपुर महोत्सव की सफलता के लिए 24 को होगा गंगा पूजन

6 नवंबर से 8 नवंबर तक होगा तीन दिवसीय महोत्सव, तैयारियों में जुटी जय श्रीराम सेवा समिति, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा पाल रहेंगी मुख्य अतिथि।

प्रातःकाल एक्सप्रेस

श्रृंगवेरपुर धाम। पौराणिक एवं तीर्थस्थल श्रृंग्वेरपुर धाम में तीन दिवसीय सातवें श्रृंग्वेरपुर महोत्सव का आयोजन होगा।



महोत्सव के निर्विघ्न सफलतापूर्वक संपन्न होने की कामना को लेकर 24 अक्टूबर शनिवार को श्रीरामघाट पर विधि–विधान से मां गंगा का पूजन किया जाएगा।

जय श्रीराम सेवा समिति श्रृंग्वेरपुर धाम के तत्वावधान में आयोजित होने वाले 7वें श्रृंग्वेरपुर महोत्सव की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। आयोजन समिति अध्यक्ष एवं शनिदेव धाम ट्रस्टी संजय तिवारी ने बताया कि 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे श्रीराम घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगा पूजन कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में चायल विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा पाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। मां गंगा की आराधना के साथ ही क्षेत्र की सुख–समृद्धि व महोत्सव की सफलता की प्रार्थना की जाएगी। आगामी 6 से 8 नवंबर तक चलने वाले इस महोत्सव में विविध प्रकार के धार्मिक, आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा देखने को मिलेगी। आयोजन का प्रमुख आकर्षण सवा लाख दीपों का प्रज्वलन होगा, जिससे पूरा श्रृंग्वेरपुर धाम अलौकिक रोशनी से जगमगा उठेगा।

अधिवक्ता सतीश श्रीवास्तव की हत्या के बाद पत्नी ने सीएम योगी से लगाई न्याय की गुहार

दो बेटियों के भविष्य, आर्थिक सहायता और परिवार की सुरक्षा की मांग दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की अपील

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। चांदपुर सलोरी निवासी वर्षा श्रीवास्तव ने अपने पति अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव की हत्या के मामले में न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मुलाकात कराने, परिवार को सुरक्षा देने और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

वर्षा श्रीवास्तव के अनुसार, 15 अक्टूबर को उनके पति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह परिवार में अकेले कमाने वाले सदस्य थे। उनकी मौत के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। अब वर्षा पर अपनी दो बेटियों के पालन–पोषण और उनके भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी है। घटना के बाद से परिवार खुद को मानसिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से असुरक्षित महसूस कर रहा है।

निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में वर्षा श्रीवास्तव ने हत्या के मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। उन्होंने दोषियों को फांसी की सजा दिए जाने की अपील भी की है। इसके अलावा पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा देने, बेटियों के भविष्य और परिवार के भरण–पोषण के लिए सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई है।

वर्षा श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री से मुलाकात का अवसर देने की अपील करते हुए उम्मीद जताई है कि उनकी पीड़ा को समझते हुए परिवार को न्याय दिलाने और बेटियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

सतीश चंद्र के परिवार को सरकारी नौकरी, 50 लाख की दी जाये आर्थिक सहायता : सीतेश रमन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। चित्रांश (कायस्थ) समाज के संयोजक सीतेश रमन ने सलोरी में मारे गये अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव के आवास पर आज पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि इस हत्याकांड से पूरा समाज मर्माहत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग किया है कि हत्या में शामिल सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाए।

सीतेश रमन ने कहा कि पीड़ित परिवार भय के माहौल



में जी रहा है। प्रदेश सरकार परिवार को सुरक्षा प्रदान करने के साथ एक सदस्य को सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि न्याय मिलने तक चित्रांश समाज पीड़ित परिवार के साथ खड़ा रहेगा।

जबतक अपराधियों को सरकार स्पीडी ट्रायल चला कर सजा नहीं दिलवाती है हम तब तक लड़ाई लड़ते रहेंगे। कायस्थ नेता ने कहा की उत्तर प्रदेश सरकार से हमारी माँग है की कायस्थों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें. किसी भी कायस्थ पर हमला समाज बर्दास्त नहीं करेगा। इस मौके पर शांतनु सिन्हा,नवीन श्रीवास्तव ,पूजा रानी ,अजय मौजूद थे।

देवलाली–दानापुर स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़े, मऊ–मुंबई सेंट्रल के समय में बदलाव

प्रयागराज। त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने देवलाली–दानापुर साप्ताहिक विशेष ट्रेन के फेरों में विस्तार करने का निर्णय लिया है। साथ ही, मऊदृमुंबई सेंट्रल साप्ताहिक विशेष ट्रेन की समय–सारिणी में भी आंशिक संशोधन किया गया है। त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने देवलाली–दानापुर साप्ताहिक विशेष ट्रेन के फेरों में विस्तार करने का निर्णय लिया है। साथ ही, मऊदृमुंबई सेंट्रल साप्ताहिक विशेष ट्रेन की समय–सारिणी में भी आंशिक संशोधन किया गया है। गाड़ी संख्या 01053 (देवलाली–दानापुर विशेष ट्रेन) दो अतिरिक्त फेरे शनिवार, यानी 24 और 31 अक्तूबर को लगाएगी। वहीं, गाड़ी संख्या 01054 (दानापुर–देवलाली विशेष ट्रेन) दो अतिरिक्त फेरे सोमवार, 26 अक्तूबर और 02 नवंबर को लगाएगी।

इसके अलावा, गाड़ी संख्या 09184 (मऊ–मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक विशेष ट्रेन) के बनारस और ज्ञानपुर रोड स्टेशनों के समय में भी बदलाव किया गया है। संशोधित समय–सारिणी के मुताबिक, यह ट्रेन बनारस स्टेशन पर अपने पूर्व निर्धारित आगमन समय दोपहर 02रू55 बजे पहुंचेगी लेकिन अब यह पहले के 03रू45 बजे के प्रस्थान समय के मुकाबले 40 मिनट पहले यानी 03रू05 बजे ही मऊ के लिए रवाना हो जाएगी। इसी प्रकार, ज्ञानपुर रोड स्टेशन पर इस ट्रेन का नया आगमन समय शाम 04रू40 बजे और प्रस्थान समय 04.45 बजे निर्धारित किया गया है। समय में यह बदलाव 23 अक्तूबर से प्रभावी हो जाएगा।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति योजना का प्रवेश पत्र आज से करें डाउनलोड

सभी जिलों में होगी परीक्षा, शामिल होगे 174662 अभ्यर्थी रू राजेन्द्र प्रताप

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति योजना परीक्षा – 2027 (परीक्षा वर्ष 2026) में सम्मिलित होने वाले



अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र शुक्रवार को पूर्वाह्न से निर्धारित वेबसाइट ीजजचरू६६मदजकंजं.बव. पद के माध्यम से डाउनलोड कर निर्धारित परीक्षा केन्द्र से परीक्षा में सम्मिलित होसकेंगे। अभ्यर्थियों को किसी अन्य माध्यम से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किया जायेगा। परीक्षा नियामक प्राधिकारी (पीएनपी) के सचिव राजेन्द्र प्रताप ने आज बताया है कि परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के साथ अभ्यर्थी को अपने ऑनलाइन आवेदन में अंकित फोटो युक्त पहचान पत्र की मूल प्रति साथ ले जाना अनिवार्य है। उक्त के बिना परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा एक नवंबर को प्रदेश के सभी 75 जिलों में होगी जिसमें 174662 अभ्यर्थी शामिल होगे।

पुलिस मतदान करने से रोकने का कर रही प्रयास

घर घर जाकर धमकाने, डराने का पुलिस पर लगा आरोप
डीएम एवं पुलिस आयुक्तसे मिले डॉ0 मानसिंह सहित सपा के नेतागण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। स्नातक निर्वाचन के मतदाताओं को मतदान से रोकने के लिए पुलिस घर घर जाकर मतदाताओं को डराने एवं धमकाने का काम कर रही है। मतदाताओंसे इस बाबत प्राप्त जानकारी के बाद सपा प्रत्याशी एमएलसी डॉ मानसिंह यादव पार्टी के नेताओं, जन प्रतिनिधियों के साथ आज जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त से मिलकर आक्रोश व्यक्त करते हुए शिकायत दर्ज कराई। एक ज्ञापन भी सौंपा मतदाता सूंची में आई टाइप और प्रिंट की गड़बड़ी के चलते मतदाताओं के नाम, पिता का नाम उलट पलट गया है। कई नाम तो दुबारा, तिबारा प्रिंट हो गए हैं। बता दें कि इस तरह की खामियों को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा अखिलेश यादव भी गत 21अक्टूबर को अपनी प्रेस वार्ता में उजागर कर चुके है। बुधवार की रात में मऊ आईमा के रामफल इनारी



चौकी इंचार्ज बृजेश तिवारी एवं जंघई तथा सराय मामरेज, सराय इनायत थाने की पुलिस के लोग ऐसे मतदाताओं को चिन्हित करके उनके घरों पर दबिस देकर वोट नहीं डालने के लिए दबाव बना रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया कि जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज द्वारा स्कूल प्रबंधकों एवं शिक्षकों की बैठक बुलाकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक को तत्काल यहाँ से हटाने की मांग भी की गई।ध सपा नेताओं ने चुनाव को निष्पक्ष एवं पार दर्शी तरीके से कराये जाने की मांग की है। इस मौके पर प्रमुख रूप से एमएलसी डॉ मानसिंह यादव के साथ जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, विधायक गण विजमा यादव, हाकिम लाल बिन्द, संदीप पटेल, गीता शास्त्री, पूर्व विधायक सत्य वीर मुन्ना, हाजी मुजतबा सिद्दीकी, पंचारी यादव, अमर नाथ मौर्य, डॉ एस पी पटेल, प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, रविंन्द्र यादव, रूप नाथ यादव, शांति प्रकाश, के के यादव, जगदीश यादव, दूध नाथ पटेल, रावेन्द्र उर्फ रवि मिश्रा, कृष्ण मूर्ति सिंह, योगेश यादव,शिव शंकर यादव, रंग बहादुर यादवउर्फ बबलू, सुरेश कुमार यादव, मोहम्मद सऊद, अरविन्द केसरवानी, लल्लन पटेल, रामधीन मौर्य, विनोद गौतम, सुशील यादव आदि मौजूद रहे।

कार के चपेट में आने से बाइक सवार छात्र की मौत, चचेरा भाई घायल

प्रयागराज। कस्बे के हंडिया–जंघई मार्ग पर बृहस्पतिवार दोपहर तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीछे बैठा चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। कस्बे के हंडिया–जंघई मार्ग पर बृहस्पतिवार दोपहर तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीछे बैठा चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कार सहित चालक को हिरासत में ले लिया है। हंडिया के अमोरा (कपिसान) गांव निवासी जयप्रकाश मिश्र का इकलौता बेटा रजत (19) स्थानीय कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। बृहस्पतिवार को वह अपने चचेरे भाई ऋषभ उर्फ महाबली (14) के साथ बाइक से सियाडीह हंडिया में रिश्तेदारी के लिए घर से निकला था। दोपहर लगभग 12रू30 बजे दोनों हंडिया के जंघई मार्ग पर पहुंचे कि सामने से तेज रफ्तार से आ रही कार की चपेट में आ गए। जोरदार टक्कर से बाइक सहित दोनों सड़क पर दूर जा गिरे। गंभीर रूप से घायल बाइक चालक रजत की मौके पर ही मौत हो गई। पीछे बैठा चचेरा भाई ऋषभ उर्फ महाबली गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों और राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कार सहित चालक को हिरासत में ले लिया। जानकारी मिलते ही परिजन भी पहुंच गए। गंभीर रूप से घायल ऋषभ को शहर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। कोतवाल ओमप्रकाश ने बताया कि प्राथमिक की दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

इकलौते बेटे की मौत से परिवार का चिराग बुझ गया। वह दो बहन अंजली(21) और एकता(17) में अकेला भाई था। बेटे की मौत की खबर सुनते ही बिलखती माता नीलम बेसुध हो गई। इस हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक 24 अक्टूबर को

प्रातःकाल एक्सप्रेस

अमेठी। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, अमेठी ने अवगत कराया है कि माह अक्टूबर 2026 की जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति, औद्योगिक सुरक्षा फोरम समिति, व्यापार बंधु, श्रम बंधु, एमएसएमई क्रियान्वयन इकाई तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (डीपीएमयू) की संयुक्त बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 24 अक्टूबर 2026 को अपराह्न 04रू00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, गौरीगंज में आयोजित की जाएगी। बैठक में जनपद के संबंधित विभागीय अधिकारियों, उद्यमियों, व्यापारिक संगठनों तथा निवेशकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में उद्योग एवं निवेश संवर्धन, उद्यमियों की समस्याओं के समाधान, औद्योगिक सुरक्षा, श्रम संबंधी विषयों तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन सहित विभिन्न बिंदुओं पर विचार–विमर्श किया जाएगा। उपायुक्त उद्योग ने सभी संबंधित अधिकारियों, उद्यमी बंधुओं एवं निवेशकों से अनुरोध किया है कि वे पिछली बैठक की कार्यवाही के अनुपालन आख्या सहित निर्धारित समय पर बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें, जिससे जनपद में औद्योगिक एवं उद्यमिता विकास गतिविधियों को और अधिक गति प्रदान की जा सके।

श्री असीम अरूण, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण, उ0प्र0 का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम 24 अक्टूबर को

प्रातःकाल एक्सप्रेस

अमेठी। समाज कल्याण, उ0प्र0 सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण का एक दिवसीय जनपद भ्रमण



कार्यक्रम दिनांक 24 अक्टूबर 2026 दिन शनिवार को होना प्रस्तावित हुआ है। उक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मा0 राज्यमंत्री जी अपरान्ह् 12:30 बजे जनपद अमेठी पहुँचेंगे, उसके उपरान्त अपरान्ह् 01:00 बजे आयोजक अब्दुलगनी बंजारा द्वारा जनपद अमेठी के क्रिकेट ग्राउण्ड, इन्हौना में आयोजित घुमंतू समाज आभार कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तदोपरान्त मा0 राज्यमंत्री जी अपरान्ह् 04:00 बजे जनपद अमेठी से जनपद वाराणसी के लिए प्रस्थान करेंगे।

पटाखों का जखीरा हुआ बरामद, दो आरोपी गये जेल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली पुलिस ने औचक दबिश देकर अवैधानिक पटाखों का जखीरा बरामद करने में सफलता ली है। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार के निर्देशन में दरोगा मिथलेश चौरसिया ने मुखबिरी सूचना पर बाबूगंज बाजार के समीप समापुर में एक पेट्रोल पम्प के पीछे औचक छापेमारी की। बंद मकान को खुलवाने पर पुलिस ने तलाशी ली। इस दौरान पुलिस ने घर से बिना लाइसेंसी पटाखों का जखीरा बरामद किया। इसके तहत पुलिस ने चार बोरी व एक गत्ते में पटाखे के साथ आधा बोरी नलकी व एक बोरी पेपरमिर्ची पटाखे, अनार, राकेट पटाखा, चकरी पटाखा, छोटी फुलछड़ी, लाल पटाखा आदि को बरामद किया। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी समापुर निवासी मो0 अनीस पुत्र कल्लू तथा मो0 अयान पुत्र अनीस उर्फ हवाईदार के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का केस दर्ज किया है। गुरूवार को दोपहर बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

चोरी की घटना का खुलासा, आरोपी गया जेल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। पुलिस ने चोरी गई बाइक को बरामद करने में सफलता ली है। थाने के दरोगा अमित कुमार द्विवेदी फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार संदिग्ध को रोका तब वह भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे दबोच लिया। पकड़े गये आरोपी थाना क्षेत्र के मसनी निवासी दीपक विश्वकर्मा पुत्र रामनरेश के पास से मिली बाइक चोरी की निकली। पुलिस ने आरोपी को पूछतांछ के बाद गुरूवार को जेल भेज दिया।

निबंध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी प्रतापगढ़ अभिषेक पाण्डेय आईएएस, मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ डॉ राम मोहन मीणा आईएएस व जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ ओमकार राणा पीईएस के आदेशानुसार प्रधानाचार्य राजकीय उमावि सराय आनादेव प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह व राघवेंद्र शुक्ला के संयोजन में जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान (01.10.2026 से 31.10.2026 तक) के अंतर्गत निबंध भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.राजकीय उमावि सराय आनादेव प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह के निर्देशन व पीटीए अध्यक्ष श्री केदार नाथ सिंह,प्रवीण कुमार सिंह, संतोष कुमार शुक्ला, डॉ नेम चंद्र,अनुज कुमार व शुभम शुक्ला के संयोजन में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसी प्रकार एपीएस इंटर कालेज भदोही प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में, अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में, अबुल कलाम इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य आजाद अहमद के निर्देशन में, शीतला प्रसाद इंटर कालेज गड़वारा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य त्रिलोचन शुक्ला के निर्देशन में, रामराज इंटर कालेज पट्टी प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य प्रशस्त त्रिपाठी के निर्देशन में, श्री कालिका सिंह इंटर कालेज मोहनगंज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य पारस नाथ गुप्ता के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अमेठी में शिक्षक निर्वाचन के लिए 9 पोलिंग पार्टियां रवाना, 3 रिजर्व तैयार

23 अक्टूबर को 9 मतदेय स्थलों पर होगा मतदान, 1099 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

अमेठी, 22 अक्टूबर। गोरखपुर–फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन–2026 के तहत शुक्रवार को होने वाले मतदान के लिए अमेठी में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक चौधरी और पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने गौरीगंज तहसील से नौ पोलिंग पार्टियों को निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया। आपात स्थिति से निपटने के लिए तीन रिजर्व पोलिंग पार्टियां भी तैयार रखी गई हैं। पोलिंग पार्टियों की रवानगी से पहले गौरीगंज तहसील सभागार में मतदान कार्मिकों को ब्रीफिंग दी गई और निर्वाचन सामग्री वितरित की गई। जिलाधिकारी ने कार्मिकों को भारत निर्वाचन आयोग के



दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए निष्पक्षता, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग पार्टियां समय से मतदान केंद्रों पर पहुंचकर निर्वाचन सामग्री, अभिलेखों और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच कर लें। निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

9 केंद्रों पर 1099 मतदाता डालेंगे वोट

जिले में गोरखपुर–फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन के लिए कुल नौ मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। यहां 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। इस दौरान कुल 1099 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा और कानून–व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने और किसी भी परिस्थिति में शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा। जिला एवं पुलिस प्रशासन आपसी समन्वय से निर्वाचन व्यवस्था की निगरानी कर रहा है, ताकि मतदाता निर्भीक होकर मतदान कर सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योति सिंह सहित संबंधित अधिकारी और निर्वाचन कार्मिक मौजूद रहे।

तीसरी बार उमेश द्विवेदी के एमएलसी की जीत बेल्हा को दे सकेगी एक और सियासी रिकार्ड

शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी के पक्ष में शिक्षकों का दिख रहा भारी समर्थन, मतदान आज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। विधान परिषद के चुनाव में प्रतापगढ़ एक और नए रिकार्ड बनाने को लेकर जोश व खरोश में दिख रहा है। शिक्षक विधायक के निर्वाचन में प्रतापगढ़ से मौजूदा बीजेपी एमएलसी उमेश द्विवेदी तीसरी बार किस्मत आजमा रहे हैं। लगातार दो बार शिक्षक विधायक का चुनाव फतेह करने वाले उमेश द्विवेदी को लेकर बेल्हा के शिक्षकों में तीसरी बार लगातार जीत के रिकार्ड को लेकर गुरूवार को जोशीला माहौल देखा गया। प्रतापगढ़ से लगातार तीसरी बार भाजपा के बैनरतले एमएलसी चुनाव की सफलता उमेश द्विवेदी के नाम पर जिले के एक नए सियासी रिकार्ड की चमक दे सकेगी। उमेश द्विवेदी के नाम पर जिले को यह रिकार्ड सौंपने के लिए वित्तविहीन शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष लाल कृष्ण प्रताप सिंह व प्रबंधक महासभा के जिलाध्यक्ष गंगा प्रसाद पाण्डेय के साथ माध्यमिक व सीबीएसई, संस्कृत तथा उच्च शिक्षा के शिक्षकों का दिखलायी पड़ रहा भारी समर्थन उमेश द्विवेदी की जीत को लगभग तय करने में कमर कसे हुए है। शिक्षक विधायक का पहली बार चुनाव जीतने के बाद उमेश द्विवेदी ने शिक्षक हितों में मुखर संघर्ष के जरिए शिक्षकों में अपनी खास पैठ बनाने में भी सफलता ली है। दोनों कार्यकाल में लगातार साथियों के बीच उपस्थिति तथा विभिन्न विद्यालयों के लिए विधायक निधि की सौगात से भी शिक्षक समुदाय का समर्थन व विश्वास उमेश द्विवेदी की तीसरी बार लगातार जीत का मजबूत आधार आंका जा रहा है। वित्तविहीन



शिक्षकों के अधिकारों को हद तक बहाल कराने और उनकी गरिमा को बढ़ाने में उमेश द्विवेदी का लगातार सदन और सरकार से संवाद बेहतर भी दिखा है। संस्कृत शिक्षकों के हितों में बढ़ोत्तरी को लेकर सरकार का उदारवादी दृष्टिकोण भी उमेश द्विवेदी के लिए संस्कृत शिक्षकों के समर्थन का पलड़ा भारी किये हुए देखा जा रहा है। वहीं आज विधान परिषद के शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन को लेकर मतदान के लिए प्रशासन ने भी कमर कसा है। एसडीएम वाचस्पति सिंह एवं सीओ राजीव द्विवेदी ने लालगंज तथा रामपुर संग्रामगढ़ व सांगीपुर के मतदान केन्द्रों का संयुक्त भ्रमण किया। मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी डीएम अभिषेक पाण्डेय तथा एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में गुरूवार की शाम से ही बंदोबस्त दुरूस्त देखा गया।

अमेठी में उर्वरक बिक्री केंद्रों पर छापेमारी, 18 प्रतिष्ठानों की जांचय 14 नमूने लिए

अनियमितता मिलने पर चार विक्रेताओं को नोटिस, किसानों का मोबाइल नंबर, खतौनी और फार्मर आईडी दर्ज करना अनिवार्य

प्रातःकाल एक्सप्रेस

अमेठी, 22 अक्टूबर। किसानों को निर्धारित दरों पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने गुरुवार को उर्वरक बिक्री केंद्रों पर जांच अभियान चलाया। जिलाधिकारी शशांक चौधरी के निर्देश पर कृषि विभाग और उप जिलाधिकारियों की टीमों ने जिले में 18 उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान गुणवत्ता जांच के लिए 14 नमूने लिए गए, जबकि अनियमितता मिलने पर चार प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

जिला कृषि अधिकारी देवेंद्र सिंह निरंजन ने बताया कि जांच के दौरान पीसीएफ केंद्र गौरीगंज, एग्री जंक्शन केंद्र जंगल रामनगर, चौहान एग्री जंक्शन केंद्र बेनीपुर और पंकज खाद भंडार थौरा में अनियमितताएं मिलने पर नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने सभी फुटकर



उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिया कि बिक्री रजिस्टर में प्रत्येक किसान का मोबाइल नंबर, खतौनी नंबर और फार्मर आईडी अनिवार्य रूप से दर्ज करें। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

विक्रेताओं को किसानों की फसल के अनुसार निर्धारित दरों पर उर्वरक बेचने और अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उत्पादों की टैगिंग नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रति हेक्टेयर अधिकतम पांच बोरी डीएपी और सात बोरी यूरिया की बिक्री संबंधी निर्धारित निर्देशों का पालन करने को भी कहा गया है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक प्रतिष्ठान पर स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर, रेट बोर्ड, कैश मेमो और सरकारी अनुदान से संबंधित सूचना प्रदर्शित करना अनिवार्य है। पीओएस मशीन में दर्ज स्टॉक और दुकान में उपलब्ध वास्तविक स्टॉक में अंतर नहीं होना चाहिए। जिंक, माइक्रो न्यूट्रिएंट्स, सल्फर और जैविक उर्वरकों सहित सभी उत्पादों का विवरण भी स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर में दर्ज करना होगा। उल्लंघन पर लाइसेंस निरस्त करने सहित विधिक कार्रवाई की जा सकती है।

अभियान के तहत उप कृषि निदेशक ने गौरीगंज और अमेठी तहसील क्षेत्र में, जबकि वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप–ए ने तिलोई और मुसाफिरखाना क्षेत्र में उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच की।

जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से आलू, मटर और सरसों की बुवाई के दौरान फसल की आवश्यकता के अनुसार संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने इन फसलों के लिए उपयुक्त एनपीके उर्वरक अपनाने और डीएपी के विकल्प के रूप में इसका उपयोग करने की सलाह दी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि निर्धारित दरों पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए जांच अभियान जारी रहेगा।

मतदाता सूची की जांच के दौरान विवाद, मारपीट

अधिवक्ता और प्रधान प्रशासक के परिजन भिड़े

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़। थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर सोहाग गांव में बुधवार को मतदाता सूची की जांच के दौरान शिकायतकर्ता अधिवक्ता और प्रधान प्रशासक के परिजनों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। विवाद के कारण जांच करने पहुंचे अधिकारी जांच अधूरी छोड़कर वापस लौट गए।



गांव निवासी अधिवक्ता अनुज कुमार शुक्ला ने ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में शादीशुदा महिलाओं के नाम दर्ज किए जाने समेत अन्य आपत्तियों को लेकर एसडीएम कुंडा को शिकायती पत्र दिया था। शिकायत पर जांच के लिए बुधवार को नायब तहसीलदार कुंडा लालमणि और ब्लॉक से एडीओ पंचायत केवला प्रसाद प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर सोहाग पहुंचे। अधिकारियों द्वारा शिकायत में दर्ज बिंदुओं की जांच की जा रही थी।

इसी दौरान शिकायतकर्ता अधिवक्ता अनुज कुमार शुक्ला और प्रधान प्रशासक अंजलि द्विवेदी के ससुर सुनील कुमार द्विवेदी व पप्पू के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। मारपीट होते देख अधिकारी जांच अधूरी छोड़कर वापस लौट गए।

अधिवक्ता अनुज कुमार शुक्ला ने थाने में शिकायत देकर आरोप लगाया कि विवाद के दौरान असलहा निकालकर उनके साथ मारपीट की गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। एसओ संग्रामगढ़ सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि दोनों लोगो की तरफ से प्रथान पत्र मिला पुलिस मौके पर गई थी। मामले की जांच की जा रही है।

भरत मिलाप देख भर आई श्रद्धालुओं की आंखें, कलाकार हुए सम्मानित

सगरा सुंदरपुर में दुर्गा पूजा समिति व श्रीरामलीला समिति के तत्वाधान में निकली झांकियों पर हुई पुष्पवर्षा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। सगरा सुंदरपुर बाजार के लक्ष्मणपुर रोड पर राम भरत मिलाप को देख श्रद्धालुओं की आंखे भर आयीं। जय मां दुर्गा पूजा एवं श्रीराम लीला समिति की ओर से दस दिनों तक मनमोहक रामलीला के मंचन के तहत भरत मिलाप देखने बड़ी संख्या में लोगों को जुटा देखा गया। बाजार की सड़कों पर निकाली गई भव्य झांकियों पर पुष्पवर्षा भी



हुई। भक्तों ने शंकर पार्वती, राधा कृष्ण, मां काली, सुदामा, विष्णु, कमल दरबार, नन्दी ताण्डव और शिव ताण्डव की झांकियों को अपलक निहारा। मुख्य अतिथि अभय सिंह उर्फ मुन्ना ने श्रीरामलीला के भव्य मंचन से जुड़े कलाकारों को सम्मानित किया। राम के रूप में अभिषेक गुप्ता, लक्ष्मण के चरित्र में आदर्श गुप्ता तथा भरत के किरदार में प्रद्युम्न मिश्र और शत्रुघ्न के चरित्र में अनूप जायसवाल तथा मां सीता के किरदार में आर्यन जायसवाल व हनुमान जी के किरदार में विजय वैश्य तथा बाल हनुमान के किरदार में अंकुश गुप्ता के सराहनीय अभिनय के लिए समिति द्वारा इन्हें माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन समाजसेवी संजय शुक्ल एवं रामनयन वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शिवशंकर शुक्ल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता व समाजसेवी रत्नाकर त्रिपाठी ने संचालन किया। इस मौके पर सुशील बरनवाल, अंजनेय शुक्ल, गोपाल जायसवाल, डब्बू कोरी, राजकुमार वर्मा, नन्हें यादव, दिनेश शर्मा, पिण्टू वर्मा, मनोज शुक्ला, जाकिर अली, रवि तिवारी, अजय जायसवाल, ओम नारायण वर्मा, नीरज यादव, अजय वैश्य आदि रहे।

असोथर में विहिप-बजरंग दल ने किया शस्त्र पूजन

ब्रह्मदेव मंदिर परिसर में जुटे कार्यकर्ता, संस्कृति संरक्षण और सामाजिक एकता का लिया संकल्प

प्रातःकाल एक्सप्रेस

असोथर/फतेहपुर। नगर पंचायत असोथर के वार्ड नंबर 14 स्थित ब्रह्मदेव मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से शस्त्र पूजन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विधि–विधान से शस्त्र पूजन कर भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति आस्था व्यक्त की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शस्त्र पूजन को साहस, आत्मरक्षा और धर्म की रक्षा के संकल्प का प्रतीक बताया। साथ ही सामाजिक एकता, अनुशासन और सेवा भावना को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। समारोह में संगठन की गतिविधियों को सक्रियता से आगे बढ़ाने तथा सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड मंत्री विकास कुमार तिवारी, प्रखंड संयोजक पंकज, सहसंयोजक अनकेत गुप्ता, संयोजक हिमांशु गुप्ता, आलोक, राम प्रताप, मुकेश, राजा निषाद, नीरज, प्रदीप, अंकित, सत्यम, आकाश सैनी और दिव्यांश सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अगले बरस फिर अइयो रे मईया

गांव गांव गाजे बाजे के साथ नदी व तालाबों में किया गया मूर्ति विसर्जन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । शारदीय नवरात्रि पर्व सम्पन्न होने के बाद विजयादशमी को जगह जगह गाजे बाजे के साथ माँ दुर्गा को विदाई देते हुए नदी व तालाबों में विसर्जित किया गया । विकास खण्ड कड़ा के अंतर्गत गांवों, कस्बों में सजे दुर्गा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का भक्तों ने श्रद्धा भाव से विसर्जन किया है।भक्तों ने नौ दिवसीय पूजन अर्चन के बाद देवी प्रतिमाओं को जल में प्रवाहित कर दिया।ऐसी मान्यता है कि विसर्जन के बाद देवी अपने परिवार के संग वापस कैलाश पर्वत के लिए प्रस्थान कर जाती हैं।शास्त्र कहता है कि देवी–देवताओं की प्रतिमा को पूजन के बाद जल में समर्पित कर देना चाहिए।

विकास खंड कड़ा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्थापित दुर्गा पंडालों में भक्तों ने कन्या भोज का आयोजन कर देवी प्रतिमाओं का तालाबों में विसर्जन करते हुए विदाई दी है।

भक्तों ने नाचते–गाते, अबीर–गुलाल उड़ाते हुए मां की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। क्षेत्र के देवीगंज, सौरई बुजुर्ग, दारानगर , म्योहरा , बक्शीकापूरा, कमालपुर टिकरी , सहित दर्जनों गांव की देवी प्रतिमाओं का बनाये गए वैकल्पिक गढ्ढे में विसर्जन किया गया वही अजुहा कस्बे की लाई मंडी व जीटी रोड़ सहित कई गांव की प्रतिमा ससुर खदेरी नदी में विसर्जित किया गया साथ ही अटसराय , अटसरई , सैनी , लोहन्दा , सिराथू , टेढ़ीमोड , उदिहिन , पथरावा , पइंसा , रामपुर ध मावा , कैमा , शहजादपुर सहित दर्जनो गांवों की देवी प्रतिमाओं का भक्तों ने तालाब में विसर्जन किया है।तालाबों पर क्रमवार विसर्जन कराने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।इस दौरान विजय दशमी के दिन माँ के भक्तों ने गाजे बाजे के साथ झूमते हुए नजर आए । इस दौरान सैनी पुलिस गांव गांव भ्रमण कर शांति पूर्ण ढंग से दुर्गा जी की प्रतिमा को विसर्जित कराया ।



स्नातक व शिक्षक निर्वाचन के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना, डीएम ने किया निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेय/अभय त्रिपाठी)। खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन–2026 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत लिए आज राजकीय इण्टर कालेज महुवरिया प्रांगण से पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। पोलिंग पार्टियों के रवाना एवं सकुशल पहुंचने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार गंगवार ने राजकीय इण्टर कालेज पहुंचकर निर्वाचन से सम्बन्धित पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि समय से अपने–अपने मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न काएं इस दौरान



मतदान केन्द्रों के लिए तैनात किए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट व सुरक्षा कार्मियो मतपत्र, मतपेटी व अन्य निर्वाचन सामाग्री के साथ रवानगी की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जानकारी देते हुए बताया कि खण्ड स्नातक निर्वाचन के लिए 30 मतदेय स्थल व 18 मतदान केन्द्र है, जिसमें से 14 मतदेय स्थलध मतदान केन्द्र पर शिक्षक निर्वाचन के लिए बनाए गए है। उन्होंने बताया कि आज पोलिंग पार्टियों की रवानगी की गई, सभी मतदान केन्द्रों को सेक्टर बनाया गया है जहां पर सेक्टर मजिस्ट्रेट रहेंगे उसके अलावा जोनल मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है, विभिन्न व्यवस्थाओं के सम्बंध में भी नोडल अधिकारी भी लगाए गए है। उन्होंने बताया कि पार्टी रवानगी के समय सभी पार्टियों को आवश्यक मतदान सामाग्रीध्प्रपत्र उपलब्ध कराए गए है।

उन्होंने बताया कि सभी पार्टियों को निर्देशित किया गया है कल दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को समय से मतदान की प्रक्रिया प्रारम्भ करा दी जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदेय स्थलों पर माइक्रो आब्जर्वर की भी तैनाती की गई है जो अपनी रिपोर्ट प्रेक्षक को भेंजेगे, शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि जनपद में सकुशल व शान्तिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधान परिषद के वाराणसी खण्ड शिक्षकध्स्नातक के मतदान में निर्वाचन आयोग के द्वारा फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है जो अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मत देने से पूर्व अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा तथापि वे निर्वाचक जो अपना निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए दिये गये कागजात को अपने साथ लाना होगा।

पोलिंग बूथ जाने पर ले जाये इन्हे अपने साथ

1–आधार कार्ड, 2–ड्राईविंग लाइसेंस, 3–पैन कार्ड, 4–भारतीय पासपोर्ट, 5–राज्यध्केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए सेवा पहचान पत्र, 6–मा0 सांसदों/विधायकों/पार्षदों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, 7–शैक्षिक संस्थाओं जिसमें सम्बन्धित शिक्षकध्स्नातक–क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र, 8–विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा का मूल प्रमाण पत्र, 9–समक्ष प्राधिकारी द्वारा दिव्यांगता सम्बंधी मूल प्रमाण पत्र 10–यूनिक डिसएबिलिटी आई0डी0 (यू0डी0आई0डी0) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी कार्ड में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकता है।

अम्बष्ट ट्रस्ट ने हाई स्कूल-इंटर के टॉपरों को किया सम्मानित

मेडल, सर्टिफिकेट और नगद पुरस्कार देकर बढ़ाया उनका उत्साह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। जिला मुख्यालय स्थित विभूति नारायण इंटर कॉलेज में गुरुवार को अम्बुज मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। ट्रस्ट की संस्थापिका प्रतिभा अम्बुज ने मेधावी छात्रों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया। ट्रस्ट की ओर से यह सम्मान समारोह वर्ष 2023 से लगातार आयोजित किया जा रहा है।



इस वर्ष हाईस्कूल में आदर्श बरनवाल ने 90.5 प्रतिशत तथा सोनाली ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दोनों विद्यार्थियों को मेडल, प्रमाण पत्र के साथ 3–3 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। वहीं इंटरमीडिएट में रिहान ने 87.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जिन्हें मेडल, प्रमाण पत्र और 5 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रतिभा अम्बुज ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान से बच्चों का उत्साह बढ़ेगा और वे भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि वह अपने पिता की स्मृति में यह कार्य कर रही हैं। उनका उद्देश्य बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित करना और उनका हौसला बढ़ाना है।

समारोह में प्रधानाचार्य आलोक कुमार तिवारी, मनोज अम्बुज, डॉ. सरोज गुप्ता, दिलीप मौर्य, शिव, त्रिवेणी प्रसाद, संतोष सिंह, विपिन पांडेय और प्रमोद कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

ग्राम ददरीखुर्द से बेला तक पाइपलाइन खुदाई में निकले बोल्डर पर दावा प्रस्तुत करने हेतु एक सप्ताह का अवसर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। अपर जिलाधिकारी वि०/रा० विनोद कुमार सिंह ने आम जन को सूचित किया जाता है कि जनपद मीरजापुर के तहसील मड़िहान स्थित ग्राम ददरीखुर्द से वेला तक लगभग 08 कि०मी० की लम्बाई में मे० मीरजापुर थर्मल एनर्जी, यू०पी०, प्रा०लि०, अडानी कार्पोरेट हाउस द्वारा पाइप लाइन बिछाने हेतु खुदाई के दौरान बोल्डर निकले हुए हैं। उक्त बोल्डर को खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 3(ई) के अन्तर्गत उपखनिज घोषित किया गया है और जिस पर राज्य सरकार का स्वामित्व है। उक्त बोल्डर के सम्बन्ध में यदि किसी का आधिपत्य हो, तो इस सूचना के निर्गत किये जाने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर अपना दावा खान अधिकारी, मीरजापुर के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा की दशा में उक्त बोल्डर का निस्तारण उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021 तथा सुसंगत शासनादेशों के तहत किया जायेगा।

भारतीय वायुसेना के एयर शो में शामिल हुए हरिश्चंद्र महाविद्यालय के 150 विद्यार्थी

प्राचार्य प्रो. रजनीश कुंवर ने विद्यार्थियों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी । भारतीय वायुसेना के 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो के अवसर पर हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज के एनसीसी, एनएसएस एवं रोवर्स–रेंजर्स के लगभग 150 विद्यार्थियों ने नमो घाट पर आयोजित एयर शो में प्रतिभाग किया।

प्राचार्य प्रो. रजनीश कुंवर ने शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के दल को रवाना किया। दल का नेतृत्व डॉ. अनिल कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. रवीश कुमार व श्रीमती श्रेष्ठा रावत भी उपस्थित रहे।

प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और देश की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं तथा युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते हैं। एयर शो के दौरान राफेल, सुखोई–30 एमकेआई और स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस सहित वायुसेना के विमानों ने शानदार उड़ान और हवाई करतबों का प्रदर्शन किया। सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम के हॉक विमानों तथा सारंग टीम के एएलएच रुव हेलीकॉप्टरों के रोमांचक प्रदर्शन ने दर्शकों को आकर्षित किया। विमानों की तेज गति, कलाबाजियों और



आकर्षक फॉर्मेशन ने विद्यार्थियों में विशेष उत्साह पैदा किया।

'विंग्स ओवर गंगा' का आयोजन 22, 24 और 25 अक्टूबर को किया जा रहा है। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए भारतीय वायुसेना की शक्ति, आधुनिक तकनीक और अनुशासित कार्यप्रणाली को समझने का प्रेरणादायी अवसर रहा।

भदोही में 13 केंद्रों पर होगी पीईटी, हर केंद्र पर स्टेटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

तीन तिथियों में छह पालियों में परीक्षा, 33,984 अभ्यर्थी होंगे शामिल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिले में 25 और 30 अक्टूबर तथा एक नवंबर को 13 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रत्येक पाली में 5,664 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इस प्रकार छह पालियों में कुल 33,984 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक केंद्र पर एक–एक स्टेटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।



पीईटी के आयोजन में अब एक सप्ताह से भी कम समय शेष है। केंद्र निर्धारण के बाद जिलाधिकारी शैलेष कुमार की संस्तुति पर शिक्षा विभाग ने केंद्राध्यक्षों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ तहसीलदार और एसडीएम को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा केंद्रों के लिए राजकीय, वित्तपोषित और सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों का चयन किया गया है।

दो पालियों में होगी परीक्षा

परीक्षा की पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान ने बताया कि प्रत्येक पाली में 5,664 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। सभी 13 केंद्रों पर परीक्षा की निगरानी के लिए केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए गए हैं।

ये बनाए गए हैं परीक्षा केंद्र

जिले में पीईटी के लिए पीएम श्री विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज, जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज ज्ञानपुर एवं गोपीगंज, मदर हलीमा पब्लिक स्कूल भदोही, काशीराज महाविद्यालय इंटर कॉलेज औराई, बुनमैक्स कॉन्वेंट स्कूल गोधना, सेंट थॉमस स्कूल ज्ञानपुर एवं गोपीगंज, श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज भदोही, गुलाबधर मिश्र इंटर कॉलेज गोपीगंज और टेंडर हर्ट्स स्कूल घोसिया को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

बाई पास से ही थरबरनगंज नाले का पानी गिराते, तो शायद नाला १९ अक्टूबर को ही बन गया होता।

पिछले ३ दिनों से नहीं बन्द व सुखा पाए, नाले का पानी

डॉ०रईस अहमद उस्मानी

प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर–खीरी २२ अक्टूबर, थरबरनगंज नाला निर्माण कार्य पुनः १८ अक्टूबर को शुरू किया गया था। पानी सुखाने के लिए, पप्पिगंसेट इन्जन का उपयोग किया गया। परन्तु नाले के पानी का भंयकर वेग होने के कारण, पानी रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। यदि नगर पालिका परिषद लखीमपुर द्वारा नाला निर्माण से पहले पानी का निकास बाई पास बना कर कर लिया जाए, तो नाला दिनांक १६ अक्टूबर को ही बन कर तैयार हो गया होता। नगर पालिका परिषद लखीमपुर की जे ई समरा सईद ने ठेकेदार को बाई पास बना कर, नाले का पानी निकाल कर, के निर्माण कार्य करने का दिशा निर्देश दिये हैं।

भदोही में 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

एंटी रोमियो टीमों ने कानूनी अधिकार, सुरक्षा उपाय और हेल्पलाइन नंबर बताए।

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही । भदोही में पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की देखरेख में शमिशन शक्ति अभियान फेज 6.0श चलाया जा रहा है। एंटी रोमियो टीमों, महिला बीट अधिकारियों और चौकियों ने जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान जनपद के बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर हुआ। पुलिस टीमों ने महिलाओं और लड़कियों से सीधा संवाद कर उन्हें छेड़छाड़, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए।

उत्तर मध्य रेलवे
संख्याः एच/सेल/611/ई-नी.का./170758/2026-27
दिनांकः 22.10.2026
ई–नीलामी सूचना क्रमांक 07 में प्रथम शुद्धिपत्र
सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से, अक्टूबर–2026 के लिए वरिष्ठ मण्डल सामाग्री प्रबन्धक/उमरे/प्रयागराज, वरिष्ठ मण्डल सामाग्री प्रबन्धक/उमरे/झांसी और वरिष्ठ मण्डल सामाग्री प्रबन्धक/उमरे/आगरा के ई–नीलामी कार्यक्रम में दिनांक 30.10.2026 की एक अतिरिक्त तारीख जोड़ी गई है। ई–नीलामी कार्यक्रम की अन्य सभी तारीखें और नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।
2104/26(D)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


अवैध तरीके से बिक रहा हैं शराब, दीवार की खिड़की से चल रहा कारोबार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (सुनील कुमार गुप्ता)। शहर के हृदय स्थल बड़ौली बसाही गौरा स्थित पीली कोठी देशी शराब की दुकान पर आबकारी नियमों की खुलेआम अनदेखी का मामला सामने आया है। आरोप है कि दुकान पर 24 घंटे शराब की बिक्री की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दुकान के बोर्ड पर दुकान का नाम – पीली कोठी, अनुज्ञापी – उषा देवी, शॉप आईडी – 17891 और लाइसेंस अवधि 01.04.2025 से 31.03.2026 अंकित है। नियमानुसार देशी शराब की दुकान का संचालन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक ही किया जाना है। लेकिन स्थानीय नागरिकों द्वारा बनाए गए वीडियो में कुछ और ही हकीकत सामने आई है। ळचै डंच ब्उमतं से 22 अक्टूबर को सुबह 06रू10 बजे लिए गए वीडियो में साफ दिख रहा है कि दुकान का मुख्य शटर बंद है और बगल की दीवार में बनी छोटी खिड़की से एक व्यक्ति को शराब दी जा रही है। मौके पर जमीन पर देशी शराब के खाली पाउच, बोतलें और कचरे का अंबार लगा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन में दुकान सामान्य रूप से चलती है, लेकिन रात में शटर बंद कर पीछे की खिड़की से अवैध बिक्री की जाती है। इससे क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा, गंदगी और आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है। लोगों का आरोप है कि यह सब आबकारी विभाग की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है। नियमित जांच न होने से दुकान संचालक के हौसले बुलंद हैं।इस संबंध में स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी और जिला आबकारी अधिकारी से तत्काल जांच कर लाइसेंस निरस्त करने



और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

एमएलसी चुनाव ड्यूटी में निष्पक्षता सर्वोपरि, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

डीएम-एसएसपी ने पुलिस लाइंस में की ब्रीफिंग, मतदान केंद्रों की सुरक्षा और निर्वाचन सामग्री की आवाजाही पर सतर्कता के निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी, 22 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन–2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को पुलिस लाइंस में डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने पुलिसकर्मियों की ब्रीफिंग की। अधिकारियों ने चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। स्पष्ट किया कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही, पक्षपात या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का दायित्व है। सभी कार्मिक पूरी निष्ठा, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाएं। ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की दुविधा या असमंजस की स्थिति में स्वयं निर्णय लेने में जल्दबाजी करने के बजाय तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त करें, ताकि प्रत्येक परिस्थिति में नियमानुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

मतदान केंद्रों पर रहेगी कड़ी निगरानी

मतदान केंद्रों के भीतर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रखने के निर्देश दिए गए। अराजक तत्वों को मतदान केंद्रों में प्रवेश न करने देने और शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम शिला (SHILA) है पर त्रुटिवश अभिलेखों में शिला देवी (SHILA DEVI) हो गया है, जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम शिला ही है। इसी नाम से हमे जाना पहचाना जाय।

शिला पत्नी कैलाश राम
निवासिनी 248/6/1 न्यू मेंहदौरी,
तेलियरगंज, प्रयागराज।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम पहले आकृति कुमारी (AKRITI KUMARI) था, जिसे अब बदल कर आकृति सिंह (AKRITI SINGH) कर दिया है। न्यायहित में आवश्यक है कि भविष्य में आकृति सिंह के नाम से जाना तथा पहचाना जाय।

पुनीता कुमारी पत्नी
अमरेन्द्र कुमार
निवासिनी भोजपुरा, बिहार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

उत्तर मध्य रेलवे
सं. RS/Mech/Better OBHS/PRYJ/26 दिनांक : 19.10.2026
स्पेशल लिमिटेड ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कोचिंग), प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा उत्तर मध्य रेलवे के मुख्यालय के पत्र संख्या EOI Notice No. Reform/OBHS/2026/02 दिनांक 20.07.2026 एवं तथा उसी संख्या के पत्र दिनांक 06.08.2026 द्वारा जारी शुद्धिपत्र के अंतर्गत अनुमोदित ठेकेदारों की सूची में सम्मिलित फर्मों से, निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्रों में स्पेशल लिमिटेड ई-निविदा, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक IREPS वेबसाइट पर आमंत्रित की जाती हैं:-
स्पेशल लिमिटेड ई-निविदा सूचना संख्या : NCR-M-OBHS-EOI-26-02 दिनांक 19.10.2026
कार्य का नाम : प्रयागराज मंडल, उत्तर मध्य रेलवे की चिन्हित ट्रेनों में दो वर्ष (730 दिन) की अवधि हेतु अनुमोदित सूची में सम्मिलित फर्मों के माध्यम से उन्नत ऑन-बोर्ड सेवाएँ (OBHS एवं लिनेन वितरण) उपलब्ध कराना।
निविदा प्रणाली : एकल पैकेट प्रणाली | निविदा मूल्य : ₹ 45,62,52,930.91
बयाना राशि (EMD) : ₹ 24,31,300.00 | निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य
कार्य की अवधि : 02 वर्ष | IREPS वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि : 19.10.2026
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 10.11.2026 को 15:00 बजे तक
उपरोक्त स्पेशल लिमिटेड ई-निविदा की निविदा पुस्तिका सहित पूरी जानकारी IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2396/26 (PH)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

श्रद्धा दुबे को लेकर लखनऊ पहुंची एसटीएफ, हजरतगंज थाने में कड़ी सुरक्षा के बीच एंट्री, अब पुलिस करेगी पूछताछ

लखनऊ, संवाददाता। कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के मामले में आरोपी मॉडल श्रद्धा दुबे को लेकर विशेष कार्यबल (एसटीएफ) गुरुवार सुबह लखनऊ पहुंच गया। श्रद्धा के साथ उसकी बहन रश्मि दुबे और ड्राइवर दानिश को भी नागपुर से लाया गया है। तीनों को सबसे पहले हजरतगंज थाने ले जाया गया। मीडिया कैमरों से बचाने के लिए उन्हें गाड़ी से उतारने के बाद तेजी से थाने के भीतर ले जाया गया। उनके चेहरे भी कपड़े से ढके हुए थे। पुलिस अब तीनों से मामले को लेकर पूछताछ करेगी। इसके बाद मेडिकल जांच और अदालत में पेशी की प्रक्रिया पूरी की जानी है। पुलिस जरूरत के मुताबिक आरोपियों की हिरासत हासिल करने के लिए रिमांड की मांग कर सकती है। इससे जांच में नए तथ्य सामने आने की उम्मीद है। पुलिस के अनुसार, शिवा शर्मा की 9 अक्टूबर को श्रद्धा दुबे के चौथी मंजिल स्थित फ्लैट से गिरने के बाद मौत हो गई थी। शिवा की मां ने श्रद्धा, उसकी बहन और अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज होने के बाद श्रद्धा फरार हो गई थी। आरोपी की तलाश के दौरान पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए पहले 25 हजार और फिर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। आखिरकार, 20 अक्टूबर को नागपुर में एसटीएफ ने श्रद्धा और मामले से जुड़े दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। हालांकि, मामले में लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच और न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होगी। नागपुर की अदालत ने तीनों आरोपियों को 72 घंटे की ट्रांजिट रिमांड दी थी। ऐसे में उन्हें निर्धारित अवधि के भीतर संबंधित अदालत में पेश करना जरूरी है। लखनऊ में पुलिस हिरासत की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मेडिकल जांच कराई जाएगी। इसके बाद अदालत में पेशी होगी। यदि पुलिस को रिमांड मिलती है, तो आरोपियों से विस्तार से पूछताछ की जा सकती है। जांच का मुख्य केंद्र यह पता लगाना है कि शिवा शर्मा की मौत किन परिस्थितियों में हुई। खबरों के मुताबिक, घटनास्थल से जुड़े कुछ असामान्य पहलुओं और शरीर पर मिले कथित निशानों



को लेकर भी सवाल उठे हैं। पुलिस इन तथ्यों की जांच कर सकती है और उपलब्ध साक्ष्यों का मिलान करेगी। इसके अलावा, श्रद्धा के फरार रहने के दौरान उसे कथित तौर पर मदद देने वालों की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है। उसके वीडियो में जिन लोगों का उल्लेख किया गया था, उनसे भी पूछताछ की संभावना है। पुलिस अब बयानों, डिजिटल साक्ष्यों और अन्य सबूतों के आधार पर घटना की कड़ियां जोड़ने की कोशिश करेगी।

राम ने यादव को मारा, अली के पास है

यूपी एमएलसी चुनाव की वोटर लिस्ट कर रही हैरान, गड़बड़ी की हद पार

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश में विधान परिषद की 11 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए वोटिंग कल 23 अक्टूबर को होगी। इन सीटों में पांच स्नातक और छह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। वोटिंग से पहले 21 अक्टूबर को चुनाव प्रचार थम गया है। कल वोटिंग ,सुधार की गुंजाइश तो नजर आती नही। इलाहाबाद झांसी स्नातक एमएलसी सीट की वोटर लिस्ट में अजबगजब एंट्री दिखाई दी है, जिससे राजनीति का पारा हाई हो सकता है। इलाहाबाद झांसी स्नातक सीट की वोटर लिस्ट में मतदाता का नाम राम ने यादव को मारा मिला है। यही नहीं, पिता का नाम मूर्खचंद यादव है, साथ ही फतेहपुर में मतदाता के नाम के कॉलम में अली के पास है नाम दर्ज है। 23 अक्टूबर को वोटिंग से पहले वोटर लिस्ट में निकली गड़बड़ी बड़े सवाल खड़े करती है।चुनाव आयोग के मुताबिक यूपी एमएलसी चुनाव में 152 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वोटों की गिनती 27 अक्टूबर की जाएगी। इन सीटों पर मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल 6 दिसंबर 2026 को खत्म हो रहा है। इन चुनावों के लिए मतदान सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। प्रदेश में कुल 2697 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और 14 लाख 81 हजार 310 वोटर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।लखनऊ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में सबसे ज्यादा 3 लाख 13 हजार 531 वोटर हैं। इसके बाद वाराणसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 2 लाख 88 हजार 622 और इलाहाबादझांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 2 लाख 64 हजार 233 वोटर हैं।यूपी विधानसभा चुनाव से पहले एमएलसी चुनाव भाजपा और सपा के लिए नाक की लड़ाई है।इस चुनाव को असेम्बली इलेक्शन का सेमीफाइनल बताया जा रहा है। यही कारण है कि इन 11 सीटों के लिए योगी सरकार के एक दर्जन से ज्यादा मंत्रियों ने प्रचार के दौरान पूरी ताकत झोंक रखी थी। भाजपा और सपा के 100 से ज्यादा सांसदों और विधायकों ने निर्वाचन क्षेत्रों में जाकर प्रचार किया और मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए हरसंभव जुगत की। दोनों ही पार्टियों के बीच कड़ा मुकाबला है। पिछली बार इन सीटों पर सपा की बढ़त थी।उसने 6 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा के खाते में 5 सीटें गई थीं।इस बार भाजपा की कोशिश है कि वह डबल डिजिट को छुए। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोर्चा संभाल रखा था। उन्होंने गोरखपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, आगरा गाजियाबाद समेत कई जिलों में उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाएं की। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कोई भी जनसभा नहीं की, लेकिन चुनाव की जिम्मेदारी सांसदों और विधायकों को दी थी, ताकि वे डोरटूडोर जाकर मतदाताओं से पार्टी के पक्ष में माहौल बनाया जा सके।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यो में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता पर जोर

लापरवाह ठेकेदारों पर होगी सख्त कार्रवाई

लखनऊ,संवाददाता। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क, सुगम आवागमन और मजबूत ग्रामीण आधारभूत ढांचे के विकास को गति देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण विकास सड़क अभिकरण द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की नियमित समीक्षा की जाये। अभिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी राम भरत तिवारी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी 75 जनपदों की परियोजना कार्यान्वयन इकाइयों पीआईयू के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के फेज–3 एवं फेज–4 के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति, निर्माण गुणवत्ता, पारदर्शिता, भुगतान, अभिलेखों के अद्यतन, अभियंताओं एवं ठेकेदारों की जिम्मेदारी तथा कार्यों में लापरवाही से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं सुधार कार्यों में निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीण आबादी को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध हो और कृषि मंडियों, विद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों तथा रोजगार के अवसरों तक पहुंच आसान बने।मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा की उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आदेशों का पालन कराया जा रहा है बैठक में ग्रामीण मार्गों की वीसी, सीसी, ओमास, एफडीआर, एटीआर एवं जियो टैगिंग से संबंधित कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्यों में अनावश्यक विलंब करने अथवा निर्धारित दायित्वों का निर्वहन न करने वाले ठेकेदारों को चिह्नित कर नोटिस जारी किए जाएं। नोटिस के बाद सुधार नहीं होने पर नियमानुसार ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाए। साथ ही अभियंताओं को भी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने और निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए। बैठक में 16 मार्गों की वर्तमान स्थिति ओमास पर दर्ज करने तथा 23 मार्गों से संबंधित एटीआर अपलोड करने के प्रकरणों की समीक्षा की गई। 46 मार्गों से संबंधित मामले पीआईयू स्तर पर लंबित पाए गए।

नशे में वाहन चलाने के दुष्परिणामों को लेकर जन जागरूकता अभियान आज

अभियान के तहत निकलेगी पदयात्रा, होंगे नुक्कड़ नाटक और जनसंवाद कार्यक्रम

लखनऊ,संवाददाता। नशे में बाहन चलाने के दुष्परिणामों और सड़क सुरक्षा को लेकर कल 23 अक्टूबर को शहर में जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। कंज्यूमर वॉयस तथा लखनऊ स्थित उपभोक्ता अधिकार संगठन कंज्यूमर गिल्ड, जननायक सुजीत पांडेय चौरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से एकदिवसीय जागरूकता अभियान के दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में पदयात्रा, जनसंवाद और नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जायेगा। कंज्यूमर वॉयस के परियोजना सलाहकार हेमंत उपाध्याय के मुताबिक जनजागरूकता अभियान की शुरुआत सुबह 7:30 बजे से 10:00 बजे तक पदयात्रा के आयोजन से होगी। यह पदयात्रा पांडेय कॉम्प्लेक्स, मोहनलालगंज से प्रारंभ होगी, जहाँ से प्रतिभागी आसपास के क्षेत्र में लगभग एक किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा के संदेश को



जन–जन तक पहुँचाने के लिए मोहनलालगंज बाजार और बलरामपुर अस्पताल के मुख्य द्वार पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाएगा। इन जन–जागरूकता प्रस्तुतियों के माध्यम से सड़क पर जिम्मेदार व्यवहार और सुरक्षित वाहन चालन के महत्व को रेखांकित किया जाएगा। अभियान का मुख्य कार्यक्रम द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र में आयोजित हितधारक एवं जन–संवाद होगा। इस संवाद में शराब और या अन्य नशीले पदार्थों के प्रभाव में वाहन चलाने से जुड़े जोखिमों, सड़क सुरक्षा की चुनौतियों, यातायात एवं सड़क सुरक्षा संबंधी कानूनों के पालन की आवश्यकता और दुर्घटनाओं की रोकथाम के व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की जाएगी। कंज्यूमर वॉयस के परियोजना सलाहकार हेमंत उपाध्याय ने कहा, "शराब अथवा अन्य नशीले पदार्थों के प्रभाव में वाहन चलाने से बचकर ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। इससे न केवल वाहन चालक, बल्कि उसमें सवार यात्रियों, पैदल चलने वालों और सड़क का उपयोग करने वाले अन्य लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है। सुरक्षित वाहन चालन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर जन–जागरूकता, कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन और सभी संबंधित पक्षों की सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। इसमें विशेष रूप से युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस अभियान के माध्यम से हमारा प्रयास जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना और लापरवाही से वाहन चलाने के गंभीर परिणामों के प्रति लोगों की समझ विकसित करना है। यह अभियान उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों के गंभीर परिदृश्य के बीच आयोजित किया जा रहा है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2022 में शराब औरध्या अन्य नशीले पदार्थों के प्रभाव में वाहन चलाने के कारण 9,143 सड़क दुर्घटनाएँ हुईं, जिनमें 3,674 लोगों की मृत्यु हुई और 8,421 लोग घायल हुए। ए प्रभावी एवं व्यावहारिक उपायों को प्रोत्साहित करना है।

ऑडिट में खुला सिंचाई विभाग महाघोटाला

344 कर्मचारियों को बिना नियुक्ति दिए करोड़ों रुपए

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग में फर्जीवाड़े की जड़ें इतनी गहरी निकलीं कि बिना नियुक्ति 344 कथित कर्मचारियों के खातों में 16 करोड़ रुपये पहुंचा दिए गए। ट्रेजरी में फर्जी खाते खुलवाकर एरियर भुगतान का खेला कर डाला। इसका खुलासा महालेखाकार की ऑडिट टीम ने किया है। विभाग में खलबली मची तो एकाउंटेंट को निलंबित कर एफआईआर दर्ज करा दी। अभी एक डिविजन में मामला मिला है। अब सवाल है कि इतने बड़े घोटाले में मिलीभगत का दायरा कहां तक फैला है और दूसरे डिविजनों में भी सरकारी धन की ऐसी ही लूट तो नहीं हुई।सिंचाई विभाग के मिर्जापुर कैनाल डिविजन के लघु डाल पम्प कैनाल खंड में वित्तीय वर्ष 2025–26 में एकाउंटेंट और उच्चाधिकारियों की मिलीभगत से लगभग 16 करोड़ रुपये के एरियर भुगतान का घोटाला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। आरोप है कि लघु डाल पम्प कैनाल डिविजन के 344 कर्मचारियों के फर्जी खाते खुलवाकर एरियर का भुगतान कर दिया गया है।महालेखाकार प्रयागराज की दस सदस्यीय टीम के वर्तमान वित्तीय वर्ष के ऑडिट में घोटाले का खुलासा हुआ तो एमसीडी के अधिशासी अभियंता एवं अन्य अफसरों में हड़कंप मच गया। अधिशासी अभियंता ने आनन–फानन में 18 अक्तूबर को विभाग के एकाउंटेंट व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी। मिर्जापुर कैनाल डिविजन के अधिशासी अभियंता को अन्य दस खंडों के कर्मचारियों के एरियर का भुगतान के लिए डीडीओ पावर दिया गया है। इसी डिविजन के लिपिक और एकाउंटेंट कर्मचारियों को किए जाने वाले एरियर का बिल बनाकर अधिशासी अभियंता से हस्ताक्षर कराने के बाद ट्रेजरी को भुगतान के लिए भेज देते हैं। ट्रेजरी से कर्मचारियों के बैंक खातों में भुगतान कर दिया जाता है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में एमसीडी के एकाउंटेंट जितेंद्र कुमार ने लघु डाल पम्प कैनाल के 344 फर्जी कर्मचारियों के ट्रेजरी में खाते खुलवाकर 16 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया। सबसे बड़ी बात तो यह कि इन कर्मचारियों की विभाग में नियुक्ति भी नहीं है। जब जानकारी लघु डाल पम्प कैनाल डिविजन के अधिशासी अभियंता को हुई तो उन्होंने आपत्ति जताई। एमसीडी के अधिशासी अभियंता ने एकाउंटेंट जितेंद्र कुमार के खिलाफ शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद निलंबित कर दिया।मिर्जापुर कैनाल डिविजन से जुड़े एक खंड के कर्मचारियों के वित्तीय वर्ष 2024–25 के एरियर का भुगतान 2026 में करना था। आरोप है कि भुगतान में अनियमितता बरतते हुए फर्जी खाते खुलवाकर 344 लोगों को करीब 16 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया गया। ऑडिट टीम की जांच में इसका खुलासा हुआ है।महालेखाकार प्रयागराज की ऑडिट टीम ने वर्तमान वित्तीय वर्ष का ऑडिट 14 अक्तूबर से शुरू किया। ऑडिट टीम ने 16 अक्तूबर को जांच के दौरान लगभग 16 करोड़ रुपये के फर्जी एरियर भुगतान का मामला पकड़ लिया। एमसीडी में हड़कंप मच गया। एमसीडी के अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार ने 18 अक्तूबर को शहर कोतवाली में एकाउंटेंट जितेंद्र कुमार व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी।लघु डाल पम्प कैनाल के फर्जी कर्मचारियों को लगभग 16 करोड़ रुपये का एरियर भुगतान किए जाने के मामले की लीपापोती में सिंचाई विभाग के अधिकारी जुट गए हैं। सूत्रों की मानें तो घोटाले को दबाने के लिए शासकीय मद में इससे अधिक धनराशि भी जमा करा दी गई, जिससे मामले को दबाया जा सके। ऑडिट टीम ने अपनी जांच में इस मामले को पकड़ लिया। सिंचाई विभाग के अन्य डिविजनों में भी इसी तरह की गड़बड़ी हो सकती है लेकिन खुलासा तभी हो पाएगा, जब अन्य डिविजनों के एरियर एवं अन्य मदों में किए गए भुगतान का ऑडिट किया जाएगा। अधिशासी अभियंता एमसीडी प्रमोद कुमार के अनुसार मामले का ऑडिट कराया जा रहा है। ऑडिट में जो भी पकड़ा जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एकाउंटेंट व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है। यदि अन्य कर्मचारी शामिल होंगे तो उनके खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

30 को लखनऊ आयेंगे अमित शाह, कसेंगे चूलें

संगठनात्मक बैठक में देंगे फतह मिशन 2027 का मंत्र

लखनऊ,संवाददाता। बीजेपी के चाणक्य कहे जाने वाले देश के गृहमंत्री अमित शाह 30 अक्टूबर को लखनऊ आ सकते हैं। उनका इस दफे का दौरा जरा अलग होगा। वे संघटनात्मक मीटिंग में 2027 में होने वाले असेम्बली इलेक्शन में फतह का मंत्र सूबाई टीम और बीजेपी कार्यकर्ताओं को देंगे। भाजपा की 30 और 31 अक्टूबर को लखनऊ में प्रदेश कार्यसमिति की संगठनात्मक बैठक होगी जिसमें गृहमंत्री अमित शाह प्रदेश के चुनावी टिप्स दे सकते हैं। गृहमंत्री अमित शाह यूपी के बारे में बखूबी वाकिफ हैं। पहले भी अहम भूमिका निभा चुके हैं और नतीजा भी बेहतर रहा है।माना जा रहा है कि वह नवंबर में सभी बूथ अध्यक्षों एवं शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ संवाद कर 2017 के चुनावी माडल को फिर से जमीन पर उतारेंगे।

संक्षिप्त

अमित शाह के जन्मदिन पर सीएम योगी ने दी बधाई

लखनऊ,संवाददाता। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के जन्मदिन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में शाह को कुशल रणनीतिकार और संगठन शिल्पी बताया। योगी ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा को अभेद्य बनाने, सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा देने और सशक्त एवं सुरक्षित भारत के निर्माण में अमित शाह का योगदान अतुलनीय है। मुख्यमंत्री ने प्रभु श्रीराम से अमित शाह के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और यशस्वी जीवन की प्रार्थना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि शाह आगे भी देश की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संदेश में अमित शाह के राजनीतिक और प्रशासनिक अनुभव के साथ देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में उनके योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने सहकारिता क्षेत्र में नई दिशा देने के प्रयासों का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुभकामना संदेशों में अमित शाह के प्रशासनिक अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्रमुखता दी गई।

लखनऊ में 23 और 27 अक्टूबर को बंद रहेंगी शराब की दुकानें, बार भी नहीं खुलेंगे

लखनऊ, संवाददाता। विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन के मद्देनजर राजधानी में 23 और 27 अक्टूबर को शराब की बिक्री पूरी तरह बंद रहेगी। जिलाधिकारी विशाख जी ने मतदान और मतगणना के दिन जिले की सभी आबकारी दुकानों और मदिरा बिक्री से जुड़े प्रतिष्ठानों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले अनुज्ञापनधारकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। आदेश के अनुसार, 23 अक्टूबर को मतदान और 27 अक्टूबर को मतगणना के दिन देशी शराब, कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉप, भांग और ताड़ी की दुकानों के साथ बार भी बंद रहेंगे। इसके अलावा थोक और फुटकर मदिरा बिक्री के प्रतिष्ठानों तथा सैन्य और अर्धसैनिक कैंटीनों में भी मादक पदार्थों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी।

दिवाली से पहले जोन–7 के तीन वार्डो को मिलेगी सीवर समस्या से राहत, 1,200 से अधिक घरों को होगा फायदा

लखनऊ,संवाददाता। दिवाली से पहले लखनऊ नगर निगम के जोन–7 के तीन वार्डों, लाल बहादुर शास्त्री प्रथम, इंदिरा नगर और मैथिलीशरण गुप्त के लोगों को सीवर संबंधी समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है। वन सिटी वन ऑपरेटर परियोजना के तहत सीवर नेटवर्क के संचालन एवं रखरखाव का कार्य कर रही संस्था सुएज की टीम ने साईं मंदिर के पास क्षतिग्रस्त 600 एमएम व्यास की सीवर पाइपलाइन को बदलकर नई पाइपलाइन डालने का कार्य पूरा कर लिया है। करीब छह मीटर की गहराई में पाइपलाइन डालने का कार्य सुएज के इंजीनियरों की निगरानी में आवश्यक सुरक्षा उपायों के साथ किया गया। संबंधित क्षेत्र में लगभग 50 वर्ष पूर्व आवास विकास विभाग द्वारा सीवर लाइन बिछाई गई थी। समय के साथ पुरानी पाइपलाइन कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे क्षेत्र में सीवर संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही थीं। नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि मौके पर नए मैनहोल का निर्माण जारी है। निर्माण कार्य जल्द पूरा किए जाने की योजना है। इसके बाद लाइन को चालू करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। नई पाइपलाइन के चालू होने से क्षेत्र के 1,200 से अधिक घरों को सीवर संबंधी समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है। सुएज के ऑपरेशन मैनेजर सोनपाल शर्मा ने बताया, जोन–7 में पुरानी और क्षतिग्रस्त सीवर पाइपलाइन के कारण स्थानीय निवासियों को होने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए सुएज की टीम लगातार कार्य कर रही है। साईं मंदिर के पास लगभग छह मीटर की गहराई में 600 एमएम व्यास की नई पाइपलाइन डालने का कार्य आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए पूरा कर लिया गया है। फिलहाल नए मैनहोल का निर्माण कराया जा रहा है। शेष कार्य पूरा कर पाइपलाइन को जल्द चालू करने का प्रयास है, जिससे क्षेत्र के 1,200 से अधिक घरों को राहत मिल सकेगी।

लखनऊ–अयोध्या हाईवे की 140 कैमरे से निगरानी, हाई स्पीड पर चालान भी कटेगा

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ–अयोध्या हाईवे पर सफर करने वाले वाहन चालकों की मनमानी अब कैमरों की नजर से नहीं बच सकेगी। 124 किलोमीटर लंबे हाईवे पर निगरानी के लिए 140 कैमरे लगाए जाएंगे। इनमें से 20 कैमरे निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाने वालों को चिह्नित कर चालान की कार्रवाई के लिए इस्तेमाल होंगे। बाकी कैमरों से हाईवे की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। वाहन चालकों को यातायात संबंधी चेतावनी और जरूरी सूचनाएं देने के लिए 12 एलईडी डिस्प्ले बोर्ड भी लगाए जाएंगे। अगले साल फरवरी तक यह कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। लखनऊ–अयोध्या हाईवे पर हर छह किलोमीटर पर एक एनपीआर(ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन) कैमरे लगाए जाएंगे। जो इसे हाईवे पर निर्धारित गति(छोटे वाहनों के लिए 80 और बड़े वाहनों के लिए 60 किमी प्रति घंटा) से अधिक पर चलने वाले वाले वाहनों का चालान करेंगे। यह हाई रिजॉल्यूशन कैमरे तेज गति से गुजरने वाले वाहनों का नंबर प्लेट को ऑटोमैटिक तरीके से पढ़ लेते हैं और फोटो खींचकर सर्वर को भेजते हैं। वहां से फोटो के आधार पर ओवरस्पीडिंग के लिए चालान के लिए संबंधित ट्रैफिक पुलिस कंट्रोल रूम को भेज दिया जाता है। एनपीआर कैमरे डाप्लर रडार या लिडार तकनीकि का इस्तेमाल करते हैं जो कि दूर से ही गाड़ी की गति को माप लेते हैं। इन कैमरों के लगने से हाईवे पर तेज गति से चलने वाले वाहनों पर लगाम लगेगी, जिससे हादसों की आशंका कम हो जाएगी। हाईवे पर 120 पीटीजेड(पैन टिल्ट जूम) कैमरे लगाए जाएंगे, यानी कि 124 किमी लंबे हाईवे पर प्रति किमी पर एक होगा। यह कैमरे चारों ओर घूमकर एक बड़े क्षेत्र को कावर करते हैं। इनका जूम दूर की चीजें भी आसानी से देख सकता है। किसी विशेष दिशा में गतिविधि होने पर यह अपने आप उस ओर घूम जाता है। एनएचएआई के अधिकारियों के अनुसार इन कैमरों से हाईवे पर पूरी तरह निगरानी रखी जाएगी।

बढ़नी में मूर्ति विसर्जन के दौरान बवाल

चेयरमैन और पुलिस पर हमले में दो मुकदमे, तीन गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)। ढेबरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत बढ़नी के माल गोदाम तिराहे पर दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए उपद्रव के मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में एक तरफ नगर पंचायत अध्यक्ष पर जानलेवा हमला, लूटपाट व तोड़फोड़ का आरोप है, तो वहीं दूसरी ओर मौके पर शांति व्यवस्था बनाने पहुंची पुलिस टीम से हाथापाई, पथराव और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि द्वारा ढेबरुआ थाने में दी गई तहरीर के अनुसार, 20 अक्टूबर की रात करीब 11:00 बजे वे माल गोदाम चौराहे पर आयोजित दुर्गा पूजा में प्रसाद वितरण कर रहे थे। आरोप है कि उसी दौरान पंकज चतुर्वेदी, अभिषेक चतुर्वेदी, जयन्त पाण्डेय, भोला पाण्डेय, रामभवन यादव और उनके साथ करीब दो दर्जन अज्ञात लोग हॉकी, डंडे व धारदार हथियारों से लैस होकर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उन पर जानलेवा हमला कर दिया। तहरीर में उल्लेख है कि मारपीट के दौरान आरोपितों ने उनके गले से सोने की चेन व कुर्ते की जेब से करीब 2500 रुपये छीन लिए तथा वाहन में तोड़फोड़ कर परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी। इस तहरीर पर पुलिस ने



भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 190 (गैरकानूनी जमावड़ा), 191(2) व 191(3) (घातक हथियारों से लैस होकर बलवा करना), 110 (गैर-इरादतन हत्या का प्रयास), 351(3) (जान से मारने की धमकी देना), 352 (शांति भंग की नीयत से अपमान), 304(2) (छीनैती व लूट) और 324(2) (वाहनों व संपत्ति में तोड़फोड़) के तहत केस दर्ज किया है।

वहीं, बढ़नी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक बीरेन्द्र यादव की तहरीर के मुताबिक, वे अपने हमराही आरक्षियों सच्चिदानन्द सिंह व अर्जुन यादव के साथ मूर्तियों को क्रमवार विसर्जन हेतु आगे बढ़वा रहे थे। माल गोदाम तिराहे के पास कुछ लोगों में विवाद होने पर जब पुलिसकर्मी बीच-बचाव कराने पहुंचे, तो आरोपित केशव पाण्डेय सिपाही सच्चिदानन्द सिंह से उलझ गया। आरोप है कि इसके बाद आरोपित के पक्ष के लोगों ने एकजुट होकर ईंट-डंडों से पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। इस घटना में आरक्षी सच्चिदानन्द सिंह की पसली व हाथ पर गंभीर चोटें आईं, जबकि चौकी प्रभारी व अन्य सिपाही भी चोटिल हुए। इस तहरीर पर पुलिस ने केशव पाण्डेय, पंकज चतुर्वेदी, अभिषेक चतुर्वेदी, प्रिन्स चतुर्वेदी, विवेक चतुर्वेदी, राकेश चौधरी, जयन्त पाण्डेय, भोला पाण्डेय, राजन विश्वकर्मा, चतुर्भुज पाठक उर्फ कल्लू व 5-6 अन्य के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 (जानलेवा हमला / हत्या का प्रयास), 132 (ड्यूटी पर तैनात लोकसेवक पर हमला), 191(2) (बलवा), 221 (सरकारी आदेश की अवज्ञा), 61(2) (आपराधिक षड्यंत्र), 290 (सार्वजनिक उपद्रव व शांति भंग), धारा 3, 5 तथा 7 सीएलए (आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम–सार्वजनिक कार्य में रुकावट व भय पैदा करना) के तहत अभियोग दर्ज किया।

घटना के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ब्लॉक रोड बढ़नी से नामजद आरोपितों केशव पाण्डेय, अभिषेक चतुर्वेदी और राकेश चौधरी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजाराम यादव, हेड कांस्टेबल धीरेन्द्र प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल आलोक कुमार, कांस्टेबल सागर जायसवाल तथा कांस्टेबल विपिन कननैजिया शामिल रहे।

बहरहाल, घटना की वास्तविक स्थिति और पूरे मामले की सत्यता पुलिस की विस्तृत विवेचना व साक्ष्य संकलन के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

बीएसए कार्यालय परिसर में 20 लाख रुपये की धनराशि से उच्चीकृत लाइब्रेरी का हुआ शुभारंभ

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। जनपद में शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने एवं विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की विशेष पहल रंग ला रही है। इसी क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित राजकीय लाइब्रेरी का लगभग 20 लाख रुपये की धनराशि से उच्चीकरण कर उसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है।जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की उपस्थिति में छात्राओं द्वारा फीता काटकर उच्चीकृत राजकीय लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। छात्राओं के हाथों लाइब्रेरी का शुभारंभ कराए जाने की यह पहल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का सकारात्मक संदेश देती है।जिलाधिकारी की विशेष पहल पर क्रिटिकल गैप योजना के अंतर्गत लगभग 20 लाख रुपये की धनराशि से राजकीय लाइब्रेरी में सुविधाओं का उच्चीकरण कराया गया है। इसका उद्देश्य जनपद के छात्र-छात्राओं, विशेषकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर, शांत एवं अनुकूल अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराना है।

राजकीय लाइब्रेरी में वर्तमान में 106 छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे है।ङ्क यहां विद्यार्थियों को वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे पुस्तकों के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों से भी अध्ययन सामग्री प्राप्त कर अपनी तैयारी को और बेहतर बना सकें।राजकीय लाइब्रेरी को निजी क्षेत्र की आधुनिक लाइब्रेरी की तर्ज पर विकसित करने की दिशा में विद्यार्थियों



के लिए बेहतर अध्ययन व्यवस्था, आधुनिक स्टडी डेस्क एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के उच्चीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। इससे जनपद के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर अध्ययन सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है।

शुभारंभ के उपरांत जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने लाइब्रेरी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद किया।ङ्क उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, भविष्य के लक्ष्यों एवं लाइब्रेरी में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में बातचीत की तथा सभी को पूरी लगन, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ङ्कसफलता प्राप्त करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य, नियमित अध्ययन, समय का सदुपयोग एवं निरंतर परिश्रम अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकों के साथ-साथ डिजिटल अध्ययन संसाधनों का भी विशेष महत्व है। लाइब्रेरी में वाई-फाई जैसी सुविधाओं की उपलब्धता से विद्यार्थियों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, शैक्षिक संसाधनों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित उपयोगी जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।उन्होंने कहा कि ङ्कराजकीय लाइब्रेरी केवल पुस्तकों के अध्ययन का स्थान नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों को दिशा देने, उनकी प्रतिभा को निखारने एवं उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का महत्वपूर्ण केंद्र है।ङ्क यहां उपलब्ध सुविधाओं का अधिक से अधिक विद्यार्थी लाभ उठाएं तथा अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के बल पर जनपद का नाम रोशन करें।जिलाधिकारी ने लाइब्रेरी में बेहतर साफ-सफाई, सुव्यवस्थित संचालन एवं अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाइब्रेरी में उपलब्ध सुविधाओं का समुचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को निरंतर बेहतर अध्ययन वातावरण प्राप्त होता रहे।जिलाधिकारी की इस विशेष पहल से जनपद के विद्यार्थियों को आधुनिक अध्ययन सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।ङ्क राजकीय लाइब्रेरी का उच्चीकरण शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।लगभग 20 लाख रुपये की धनराशि से उच्चीकृत यह राजकीय लाइब्रेरी जनपद में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण विकसित करने तथा युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सफल भविष्य की ओर अग्रसर करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

शिक्षक निर्वाचनः डीएम व एसपी ने नौगढ़ व बर्डपुर मतदान केंद्रों का लिया जायजा

गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों को दिए कड़े निर्देश



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। इसी क्रम में 22 अक्टूबर को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने संयुक्त रूप से तहसील नौगढ़ और विकास खंड बर्डपुर स्थित मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान को सकुशल व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान प्रक्रिया में तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट तथा अन्य संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूरी सतर्कता से निर्वहन करने की हिदायत दी। डीएम ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा, प्रकाश, पेयजल, बैरिकेडिंग और मतदाताओं की सुगमता से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए समय से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए।

वहीं, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस व सुरक्षा कर्मियों को सतर्क रहने, अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी बनाए रखने तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुजफ्फरनगर स्टेशन पर रेल जनसंवाद,यात्रियों से रूबरू हुए रेल अधिकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर।रेलवे की यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने और यात्रियों की समस्याओं को जानने के उद्देश्य से गुरुवार को मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर रेल जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्टेशन अधीक्षक पवन चौधरी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में रेल अधिकारियों ने यात्रियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने।कार्यक्रम के दौरान यात्रियों से स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं,स्वच्छता और रेल सेवाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।रेल विभाग की ओर से यात्रियों के सुझावों को सुनते हुए व्यवस्थाओं में सुधार के लिए संवाद स्थापित किया गया।

रेल जनसंवाद का उद्देश्य यात्रियों और रेलवे प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा यात्रियों को सुविधाजनक रेल यात्रा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास करना रहा।



पोलियो मुक्त भारत का संदेश लेकर सड़कों पर उतरेंगे 10 हजार रोटेरियन और विद्यार्थी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर।विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर 24 अक्टूबर को रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3100 की ओर से पोलियो उन्मूलन और स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से पोलियो एवं फिटनेस जिला रैली निकाली जाएगी। रैली की तैयारियों और उद्देश्यों की जानकारी देने के लिए गुरुवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें रोटरी पदाधिकारियों ने अभियान की रूपरेखा साझा की।प्रेस वार्ता में रोटेरियन सुनील अग्रवाल, पोलियो प्लस सोसायटी उपसमिति अध्यक्ष; रोटेरियन विकास भार्गव,जिला पोलियो निदेशक;रोटेरियन डॉ. नितिन जैन,फिटनेस समिति निदेशक;नवीन सिंघल,शरद जैन और संदीप गुप्ता ने रैली के संबंध में जानकारी दी।उन्होंने बताया कि रैली का उद्देश्य पोलियो उन्मूलन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना,प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक दिलाने का संदेश घर-घर तक पहुंचाना तथा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली और फिटनेस के प्रति प्रेरित करना है।रैली नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज से शुरू होकर जिला अस्पताल स्थित



रेडक्रॉस हॉल में संपन्न होगी।इस दौरान नियमित टीकाकरण और बच्चों के स्वस्थ भविष्य के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा।रैली में करीब 500 विद्यार्थी भाग लेंगे। इसके अलावा मुजफ्फरनगर के सभी रोटरी क्लबों के सदस्य तथा खतौली,शामली और बड़ौत सहित आसपास के क्षेत्रों से रोटेरियन शामिल होंगे।मंडल 3100 की गवर्नर रोटेरियन पायल गौर मुख्य अतिथि होंगी,जबकि नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया और पोलियो अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. अशोक कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य सुमित्रा सिंह का भी कार्यक्रम में सहयोग रहेगा।पोलियो उपसमिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि 24 अक्टूबर को मंडल 3100 के 13 नगरों में रोटरी की ओर से एक साथ रैलियां निकाली जाएंगी।इनमें 10 हजार से अधिक रोटरी परिवार के सदस्य और स्कूली बच्चे भाग लेकर पोलियो उन्मूलन का संदेश देंगे।रोटरी पदाधिकारियों ने कहा कि भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने की उपलब्धि को कायम रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।प्रत्येक बच्चे को समय पर पोलियो की खुराक दिलाने और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जनसहभागिता जरूरी है।रैली के माध्यम से स्वस्थ समाज और पोलियो मुक्त भविष्य का संदेश दिया जाएगा।

गन्ने का मूल्य 500 रुपये कुंतल घोषित करने की मांग,प्रमुख सचिव से मिले भाकियू नेता

डा0 एम ए तोमर



मुजफ्फरनगर/लखनऊ।प्राप्त समाचार के अनुसार यूनियन अराजनैतिक वेस्ट प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को बापू भवन में प्रमुख सचिव गनन एवं चीनी उद्योग वीना कुमारी से मुलाकात कर आगामी पेराई सत्र से पहले गन्ने का राज्य परामर्शी मूल्य (एसएपी) कम से कम 500 रुपये प्रति कुंतल घोषित करने की मांग की।राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने कहा कि डीजल, खाद, कीटनाशक, सिंचाई और मजदूरी की लागत लगातार बढ़ रही है। चीनी के बाजार मूल्य में वृद्धि और किसानों की बढ़ती लागत को देखते हुए गन्ने का लाभकारी मूल्य तय करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कोल्हू-क्रेशर पर 480 रुपये प्रति कुंतल तक गन्ने की खरीद हो रही है,जबकि उचित मूल्य नहीं मिलने से किसान दूसरी फसलों की ओर रुख कर रहे है।युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने गनन सुरक्षण आदेश की समीक्षा कराने तथा इसे तैयार करने वाले अधिकारियों की जांच की मांग की।उन्होंने बजाज समूह की मिलों पर किसानों के बकाया भुगतान का मुद्दा उठाते हुए नाराजगी जताई।प्रतिनिधिमंडल ने जलभराव, रेड रॉट और टॉप बोरर के कारण गनन उत्पादन में संभावित गिरावट की आशंका भी जताई।भाकियू नेताओं के अनुसार, प्रमुख सचिव ने गनन मूल्य निर्धारण के समय किसानों की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और गनन सुरक्षण आदेश की समीक्षा कराने का आश्वासन दिया।

एमएलसी चुनाव की पोलिंग पार्टियों को की रवानगी की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा,पोलिंग पार्टियों को दिए निर्देश

डा0 एम ए तोमर

मुजफ्फरनगर।उत्तर प्रदेश विधान परिषद मेरठ खंड सनतक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने गुरुवार को विकास भवन में पोलिंग पार्टियों की रवानगी की तैयारियों का जायजा लिया।उन्होंने संबंधित अधिकारियों और मतदान कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिकों को निर्देश दिए कि वे सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करें।पोलिंग पार्टियों को रवाना करने से पहले निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार मतदान सामग्री का अच्छी तरह मिलान कर लिया जाए, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की परेशानी न हो।उन्होंने पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए पर्याप्त बसों की उपलब्धता, मतदान कार्मिकों के आवागमन और ठहरने की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान सामग्री का वितरण व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से कराने को कहा।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही पोलिंग पार्टियों की रवानगी,वाहनों की व्यवस्था और मतदान कार्मिकों की उपस्थिति का स्वयं भौतिक सत्यापन करने को कहा।इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गंभीर सिंह सहित निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।




मिशन शक्ति अभियानः छात्रा स्वाति बनी एक दिन की महिला थाना प्रभारी

अलमासपुर के प्राथमिक स्कूल की छात्राओं ने किया महिला थाने का भ्रमण, पुलिस की कार्यप्रणाली और महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

डा0 एम ए तोमर

मुजफ्फरनगर।मिशन शक्ति फेस-6.0 अभियान के अंतर्गत महिला थाना में प्राथमिक स्कूल अलमासपुर की छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान मेधावी छात्रा स्वाति को एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया। छात्राओं ने थाने की कार्यप्रणाली को करीब से समझा और जनसुनवाई की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।महिला थाना प्रभारी प्रीति चाहल ने मिशन शक्ति टीम के साथ छात्राओं को थाने की विभिन्न व्यवस्थाओं,पुलिस के कार्यों और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका के बारे में जानकारी दी।एक दिन की थाना प्रभारी बनी स्वाति की मौजूदगी में जनसुनवाई भी हुई, जिसमें आमजन की समस्याएं सुनी गईं।छात्राओं को शिकायत दर्ज करने और उनके निस्तारण के लिए की जाने वाली कार्रवाई के बारे में बताया गया।कार्यक्रम में छात्राओं को महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों और पुलिस सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई।उन्हें छेड़छाड़,उत्पीड़न,घरेलू हिंसा या असुरक्षा की स्थिति में बिना किसी डर के पुलिस से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति सतर्क रहने के बारे में भी जागरूक किया गया। छात्राओं को अनजान लोगों के साथ निजी जानकारी साझा न करने तथा किसी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस और परिजनों को देने की सलाह दी गई।कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने की समझ विकसित करने के साथ उन्हें महिला सुरक्षा,अधिकारों और पुलिस की कार्यप्रणाली के प्रति जागरूक करना रहा।



बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है विजयदशमीः शिवपाल यादव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

जसवंतनगर, इटावा। विजयदशमी पर मैदानी रामलीला देखने क्षेत्रीय विधायक और सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव अपने नाती शिवप्रताप यादव बाबा के साथ पहुंचे। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर उन्होंने लोगों को दशहरा की बधाई देते हुए कहा कि जसवंतनगर की रामलीला ऐतिहासिक है। सपा सरकार के सहयोग से इसे जो आधुनिक भव्यता मिली है, वह समाजवादियों की देन है और यह विश्व पटल पर अलग पहचान रखती है। उन्होंने रामलीला कमेटी के संयोजक अजेंद्र सिंह गौर और प्रबंधक राजीव गुप्ता बबलू के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।



मेला कमेटी ने अतिथियों का स्वागत किया। पंचक मुहूर्त में रावण वधः परंपरा के अनुसार दोपहर में रावण अपनी सेना के साथ त्रिगमा कैला देवी मंदिर में पूजन कर कटरापुख्ता चौक पहुंचा और राम-लक्ष्मण को युद्ध के लिए ललकारा। नगर की सड़कों पर युद्ध होते हुए रामलीला मैदान पहुंचा। परंपरा अनुसार नगरवासियों ने रावण की विद्वता के लिए जगह-जगह पूजा भी की। रात 10 बजे पंचक मुहूर्त में विभीषण के बताने पर प्रभु श्रीराम ने रावण की नाभि पर बाण चलाया। रावण के गिरते ही मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। यहां रावण का पुतला जलाया नहीं, गिराया जाता है। पुतला गिरते ही लोगों ने उसकी अस्थियां प्रसाद स्वरूप ले लीं।

सुरक्षा व्यवस्थाः भारी भीड़ को देखते हुए एसपी सिटी बबिता सिंह, सीओ आयुषी सिंह, थानाध्यक्ष कमल भाटी ने खुद कमान संभाली। एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह, तहसीलदार जितेंद्र पटेल और नायब तहसीलदार नेहा सचान भी मौजूद रहीं।-

आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने ब्रीफिंग कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। आगरा खंड सनतक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपनन कराने के लिए गुरुवार को विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में पोलिंग पाटिर्यों की ब्रीफिंग की गई। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने निर्वाचन कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद पोलिंग पाटिर्यों को उनके निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया।ब्रीफिंग के दौरान अधिकारियों ने सभी पोलिंग पाटिर्यों को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सतर्कता, जिम्मेदारी और निष्पक्षता के साथ करें। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आपसी समन्वय बनाए रखने तथा निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।ब्रीफिंग के उपरांत पोलिंग पाटिर्यां अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुईं, जिससे मतदान संबंधी तैयारियां समय से पूरी की जा सकें। आगरा खंड सनतक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 के तहत शुक्रवार, 23 अक्टूबर को मतदान होना है। निर्वाचन को सकुशल संपनन कराने के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने और निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपनन कराने के लिए सभी संबंधित कमिर्यों को निर्देशित किया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, रिश्तेदार गंभीर

एक साल पहले हुई थी युवक की शादी; परिवार में मचा कोहराम

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। दिबियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आजादपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद सैफई अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। कानपुर देहात जिले के हीरा का पुरवा निवासी पुरुषोत्तम (31) मंगलवार रात अपने रिश्तेदार सौरभ (30) के साथ बाबरपुर से बाइक पर घर लौट रहे थे। रात करीब 12 बजे आजादपुर के पास पहुंचते ही उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर बबीना चौकी इंचार्ज अनिल कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से 100 शैय्या अस्पताल चिचौली पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने पुरुषोत्तम को मृत घोषित कर दिया, जबकि सौरभ की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सैफई अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया कि पुरुषोत्तम की शादी महज एक साल पहले हुई थी। उनकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

घर में घुसकर मारपीट और जातिसूचक शब्द बोलने का आरोप, पांच नामजद समेत अन्य पर मुकदमा

लाठी-डंडे व सरिया लेकर घर में घुसने का आरोप, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी

प्रातः काल एक्सप्रेस

जसवंतनगर। थाना क्षेत्र के गांव सकौआ में घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का मामला सामने आया है। सकौआ निवासी प्रवेश कुमार पुत्र बेचेलाल ने थाने में तहरीर देकर भोला सिंह उर्फ भुल्लड़ पुत्र भगवान सिंह, लकी पुत्र भोला सिंह, राम पुत्र भोला सिंह, कृष्णा पुत्र भोला सिंह और सन्हेलता पतने भोला सिंह समेत दो अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वादी प्रवेश कुमार ने बताया कि घटना के समय आरोपी एक राय होकर लाठी-डंडे और सरिया लेकर उसके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित और उसके परिवार के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और जाति सूचक गालियां दी,विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट में पीड़ित के भाई सचिन को चोट लगने से हाथ टूट गया है।

थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि वादी की तहरीर के आधार पर एससी-एसटी एक्ट सहित सुसंगत धाराओं में नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

धनुष टूटते ही सीता ने डाली वरमाला जय श्री राम के नारों से गूंजा पंडाल

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। जनपद के ग्राम हैदर पुर में बीती रात्रि रामनवमी के उपलक्ष्य में रामलीला मंचन के दौरान विशाल धनुष भंग का आयोजन किया गया जिसमें उच?च कोटि के कलाकारों द्वारा लीला का वर्णन किया गया। मुनि विश?वामित्र की आज्ञा पाकर श्री राम ने धनुष को तोड दिया ।और सीता जी ने भगवान श्री राम को वरमाला पहनाते ही पूरा पंडाल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा? धनुष टूटने की आवाज सुनकर महात?मा भार्गव परशुराम ने क्रोध किया और कहा कि धनुष किसने तोडा है उसका नाम वताओं वरना सभी राजा मारे जायेगें इतनी वात सुनकर भगवान राम ने कहा नाथ संभुधन भंजन हारा इतने में लखन लाल नें कहा कि उन?होने वाल काल में वहुत सी धनुइयां तोड डाली इस तरह लक्ष?मन - परशुराम के संवाद में भोर सवेरे तक तीखे श?ब्द भेदी वाण चलते रहे दर्शक मंत्र मुग?ध होकर देखते रहे कार्यक्रम का शुभारंभ समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहनी के जिलाध्यक्ष युवा समाज सेवी प्रशांत दिवाकर ने फीता काट कर व भगवान श्री राम की आरती उतार कर किया ।इस मौके पर उन?होंने कहा कि रामलीला विश?व में हमारे देश की पहचान है भगवान राम ने जो आदर्श प्रस?तुत किये वह समाज के लिए अनुकरणीय है । राम की भूमिका में बृजेन्द्र द्विवेदी कानपुर ,सुरेश त्रिपाठी हमीरपुर लक्मण व परशुराम की भूमिका में आलोक अवस्थी बिल्हौर रहे । कमेटी के अध्यक्ष दीपक शुक्ला ने सभी सहयोगी यो को धन्यवाद ज्ञापित किया।

बकेवर में ओवरलोड ऑटो से बढ़ा हादसे का खतरा, चेकिंग अभियान की मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र बकेवर में बकेवर-औरैया और बकेवर-भरथना मार्ग पर ऑटो में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने के मामले सामने आ रहे हैं। इससे यात्रियों को असुविधा के साथ-साथ सड़क हादसे की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह-शाम और बाजार के दिनों में ऑटो में निर्धारित सीट से अधिक सवारी बैठा ली जाती है। कई बार चालक के पास और ऑटो के पीछे लटककर यात्रा करने जैसी स्थिति भी देखी जाती है।



ओवरलोड होने से वाहन का संतुलन बिगड़ने का खतरा रहता है। नागरिकों का कहना है कि नियमों का पालन कराया जाना जरूरी है ताकि कोई अनहोनी न हो। वहीं दूसरी ओर कुछ ऑटो चालकों का कहना है कि सवारी की अधिकता और रोजगार की मजबूरी के कारण कभी-कभी ऐसी स्थिति बन जाती है, लेकिन वे भी सुरक्षित संचालन के पक्ष में हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और यातायात पुलिस से मांग की है कि नियमित चेकिंग अभियान चलाया जाए, ऑटो चालकों को जागरूक किया जाए और क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर रोक लगाई जाए, जिससे आम लोगों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो सके।

घरेलू विवाद के चलते पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर युवक ने दी जान

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। दिबियापुर थाना क्षेत्र के अबावर गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अवावर गांव निवासी देवेश कुमार दोहरे (25) शराब पीने का आदी था। शराब पीने को लेकर पति पतने में अक्सर झगड़ा होता था, पतने रश्मि दोहरे से झगड़े के बाद देवेश नाराज होकर घर से निकल गया और गांव के बाहर खेतों में एक पेड़ से फांसी लगा ली। परिजनों को जानकारी मिलने पर शव को घर ले आए। परिजनों के अनुसार वह मजदूरी करता था। सूचना पर थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे। जहां पुलिस को युवक का शव घर के बाहर चबूतरे पर रखा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।



औरैया पहुंचे सपा राष्ट्रीय महा सचिव शिवपाल सिंह यादव का सपा नेताओं ने किया स्वागत

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। समाज वादी पार्टी के राष्ट्रीय महा सचिव एवं विधायक जसवंतनगर शिवपाल सिंह यादव का अजीतमल स्थित अंतराम टोल प्लाजा पर सपाइयों ने जोरदार स्वागत किया।? अंतराम टोल प्लाजा से सपा नेता, कार्यकर्ताओं के साथ भारी संख्या में विधायक का काफिला औरैया सपा नेता राजेंद्र सिंह दोहरे के पुत्र निधन पर शोकाकुल परिवार से मिले और सांत्वना दी मृतक पुत्र के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर कर श्रद्धांजलि अर्पित की।? पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत दीपू सिंह राजावत के प्रतिष्ठान पर नेताओं के साथ बैठकर चाय पर राजनीतिक चर्चा की उन्होंने कहा कि सभी से गिले शिकवे भुला कर आगामी 2027 के चुनाव में सपा सरकार बनाने पर जोर दिया। इसके बाद सपा नेता शिवपाल सिंह यादव का काफिला कानपुर देहात की ओर रवाना हो गया। इस दौरान सपा सांसद इटावा जितेंद्र सिंह दोहरे,सपा जिला अध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम, वरिष्ठ सपा नेता राजेश सिंह कुशवाह, ओम प्रकाश ओझा, बृजराज गुर्जर, धीरेन्द्र दोहरे, संजीव यादव उर्फ गुड्डू, राजनारायण बघेल आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

अज्ञात कारणों से कार बाजार में लगी भीषण आग से मची अफरा-तफरी

दमकल कर्मियों ने कड़ी मसक्कत के बाद आग पर पाया काबू

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। जनपद के अजीतमल कोतवाली अंतर्गत अनंतराम टोल प्लाजा के पास गोपी कार सेंटर में अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी तत्काल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कार बाजार में रखी चार कारें जलकर राख हो गई

सूचना पर पहुंची पुलिस ने आग लगने के कारणों जांच पड़ताल शुरू कर दी है और उससे हुए नुकसान की जानकारी जुटाई जा रही है।

अजीतमल मेला ग्राउंड में धूमधाम से हुआ रावण दहन, सैकड़ों की उमडी भीड़

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। जनपद के अजीतमल मेला ग्राउंड में विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। रावण दहन देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।? अतिथियों द्वारा भगवान श्रीराम की आरती कर रावण दहन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तीर छोड़ते ही पुतलें में आग लगी और पूरा मैदान 'जय श्री राम' के नारों से गूंज उठा। आतिशबाजी के बीच बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा और शांतिपूर्ण तरीके से रावण दहन संपनन हुआ,सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा पूरे ग्राउंड में बांस,बल्ली लगाकर सुरक्षा की गई, इस मौके पर नगर अध्यक्ष आशा चक, प्रतिनिधि आखिलेश चक, स्वादेश प्रकाश पोरवाल,मुकेश दीक्षित, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू सेंगर,शिवम् चक, एवं समस्त सभासदगण मौजूद रहे।

भव्यता के साथ निकला पजावा का रामदल, शगुन ग्रुप ने दिया पुरुस्कार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। विजयादशमी पर श्री महंत बाबा हाथीराम पजावा रामलीला कमेटी का भव्य रामदल पत्थर शिवाला, खुल्दाबाद से निकला। चांदी के हौदे पर श्रीराम-लक्ष्मण की झांकी का लोगों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। महापौर गणेश केसरवानी और सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने आरती की। रामदल में ताड़का वध, सीता स्वयंवर, सीता हरण जैसे प्रसंगों की झांकियां, बैंड-बाजे और देव सवारियां आकर्षण रहीं। खलीफा मंडी में व्यापार मंडल ने आरती की, शगुन ग्रुप ने सभी चौकियों को पुरस्कार दिया। रामदल कोतवाली, चौक, बहादुरगंज होते हुए रानी मंडी पहुंचकर संपनन हुआ। सुरक्षा में एसीपी निकिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस मुस्तैद रही।



स्नातक एमएलसी चुनाव में निर्दलीय शिवशंकर पटेल ने राजनीतिक दलों के सामने खड़ी की चुनौती

मतदान में होगा प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला; स्नातकों के अधिकार, पुरानी पेंशन और रोजगार के मुद्दों पर मांगा समर्थन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। इलाहाबाद-झांसी सनतक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव में आज प्रचार का अंतिम दिन है। कल होने वाले मतदान से पहले चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भाजपा और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के बीच निर्दलीय प्रत्याशी शिवशंकर पटेल ने भी अपनी दावेदारी को लेकर मतदाताओं तक पहुंचने का प्रयास किया है। अब चुनाव प्रचार समाप्त होने के साथ ही सभी प्रत्याशियों की निगाहें मतदान पर टिक गई हैं, जहां सनतक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे।



निर्दलीय प्रत्याशी शिवशंकर पटेल ने इस चुनाव में सनतकों के अधिकारों, शिक्षित बेरोजगारों की समस्याओं, पुरानी पेंशन बहाली और संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के हितों को प्रमुखता से उठाया है। पूर्व प्रधानाचार्य और राजकीय शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष रह चुके पटेल शिक्षा जगत से जुड़े अपने अनुभव के आधार पर मतदाताओं के बीच अपनी बात रख रहे है। बुंदेलखंड कुर्मी कल्याण समिति के संस्थापक एवं केंद्रीय अध्यक्ष के रूप में भी उनकी सामाजिक पहचान रही है।

चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के सामने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपनी जगह बनाना शिवशंकर पटेल के लिए अहम चुनौती है। इसके बावजूद उन्होंने सनतक मतदाताओं के बीच पहुंचकर उनके मुद्दों को चुनावी चर्चा का हिस्सा बनाने पर जोर दिया है। उनका प्रयास है कि यह चुनाव केवल राजनीतिक दलों के प्रभाव तक सीमित न रहे, बल्कि शिक्षित वर्ग की वास्तविक समस्याओं और उनके समाधान पर भी केंद्रित हो।

पटेल की ओर से उठाए जा रहे मुद्दों में पुरानी पेंशन की बहाली, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हितों की रक्षा तथा संविदा और आउटसोर्सिंग व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों की समस्याएं शामिल हैं। इन मुद्दों को लेकर सनतक मतदाताओं के बीच अपनी बात पहुंचाना उनके चुनावी अभियान का प्रमुख हिस्सा रहा है।

इस अवसर पर राजेंद्र वर्मा पूर्व प्रधानाचार्य जीआईसी , हर्षित, सागर सुटटा, श्याम पटेल, घनश्याम सिंघार, अंकित, देवेंद्र,डॉ विक्रम सिंह, रोहित सोनी, राकेश कुशवाहा बड़ागांव, भगवान दास, मनीष, अनूप अतरसुवां, प्रवीण, जी डी कटियार, तरुण रायकवार,इंजी शाहरुख खान कांग्रेस नेता, एड नीरज सनोरिया सहित आदि उपस्थित रहें।

बबीना क्षेत्र :- खाद की किल्लत दूर कराने के लिए विधायक राजीव सिंह पारीछा ने जिलाधिकारी को लिखा पत्र


साधन सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने और किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण की उठाई मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। बबीना विधानसभा क्षेत्र में किसानों को खाद की उपलब्धता में आ रही समस्याओं को लेकर विधायक राजीव सिंह पारीछा ने जिलाधिकारी झांसी को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में कृषि कार्य किसानों की आजीविका का प्रमुख आधार है। ऐसे में समय पर उर्वरक उपलब्ध नहीं होने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उनकी खेती प्रभावित हो रही है।

विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि बबीना विधानसभा क्षेत्र की विभिनन साधन सहकारी समितियों पर प्रतिदिन लगभग 300 से 400 किसान उर्वरक लेने पहुंच रहे हैं। इसके बावजूद कई स्थानों पर खाद की समय से आपूर्ति एवं पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। इससे किसानों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और उन्हें कृषि कार्यों में भी दिक्कतें आती हैं।

राजीव सिंह पारीछा ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर साधन सहकारी समितियों पर किसानों की



आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता, समय पर आवंटन और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही खाद वितरण की व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने पर भी जोर दिया, ताकि किसी भी किसान को उर्वरक प्राप्त करने के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

विधायक ने यह भी सुझाव दिया कि आगामी एक-दो दिनों में बबीना विधानसभा क्षेत्र की सभी साधन सहकारी समितियों के अध्यक्षों एवं सचिवों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की जाए। बैठक में संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में खाद की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और किसानों की अन्य स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान की रूपरेखा तैयार की जाए।

उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना प्राथमिकता है। समय पर खाद उपलब्ध होने से किसान बिना किसी बाधा के कृषि कार्य कर सकेंगे। विधायक ने जिलाधिकारी से जनहित एवं किसान हित को ध्यान में रखते हुए मामले में प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करने तथा बैठक की तिथि एवं समय निर्धारित कर उन्हें सूचित करने का आग्रह किया है।

इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 23 अक्टूबर को रहेगा विशेष आकस्मिक अवकाश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, इलाहाबाद-झांसी खण्ड सनतक निर्वाचन क्षेत्र एवं जिलाधिकारी झांसी श्री गौरांग राठी ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खण्ड सनतक एवं खण्ड शिक्षक के 06 निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 हेतु उत्तर प्रदेश के सभी कर्मचारी जो विश्वविद्यालय सनतक और सनतक निर्वाचन क्षेत्रों से होने वाले राज्य विधान परिषद के निर्वाचनों हेतु बोनाफाइड मतदाता है, को मताधिकार के प्रयोग हेतु मतदान दिवस 23 अक्टूबर, 2026 को विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किये जाने सम्बन्धी स्वीकृति प्रदान की गई है।

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, इलाहाबाद-झांसी खण्ड सनतक निर्वाचन क्षेत्र एवं जिलाधिकारी झांसी ने सम्बन्धित नियंत्रक प्राधिकारियों/ कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के इलाहाबाद-झांसी खण्ड सनतक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 हेतु दिनांक 23 अक्टूबर, 2026 को मतदान दिवस के अवसर पर जनपद झांसी में सम्बन्धित मतदाताओं को मतदान के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश सम्बन्धी शासनादेश का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

बुंदेलखंड राज्य की मांग पर अनशनकारियों को पुलिस ने उठाया, थाने में जुटे समर्थक

नगर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने के बाद अनशनकारियों को किया गया रिहा, आंदोलन तेज करने का ऐलान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से अनशन कर रहे बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानु सहाय सहित अन्य अनशनकारियों को नवाबाद पुलिस ने रात में सोते समय उठाकर थाने पहुंचा दिया। अनशनकारियों की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों में हलचल मच गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य सहित कई समर्थक नवाबाद थाने पहुंचे और अनशनकारियों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए उनका हौसला बढ़ाया।



थाने पहुंचने वालों में बुंदेलखंड क्षेत्र कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एवं अधिवक्ता राजेंद्र शर्मा, अरविंद बब्बू, प्रफुल्ल तिवारी, घनश्याम कोरी, शैलेंद्र उर्फ शैलू, योगेंद्र सिंह पारीछा, यूथुब जैन, पिंकी, अमित करौसिया, अखिलेश गुरुदेव, जगमोहन मिश्रा, राजेंद्र सिंह यादव, रघुराज शर्मा, अशोक सक्सेना, संजय पांडेय, आशू ठाकुर, लखन बिलगैया, नरेश चंद्र बिलाटिया, इम्तियाज हुसैन, शंभू सैन, पंकज मिश्रा, नौटा, रामकुमार शुक्ला, पंकज रावत, उत्कर्ष साहू, महेंद्र मिश्रा, अमीर चंद्र, अधिवक्ता सचिन साहू, आशीष रिछारिया, प्रभुदयाल कुशवाहा, पवन शर्मा, सुरेंद्र प्रजापति, संजय कुशवाहा, मोनू सोनी और हरेंद्र आर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

थाना परिसर में समर्थकों की भीड़ जुटने के बाद पुलिस ने सभी अनशनकारियों को नगर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें रिहा कर दिया गया। अनशनकारियों की रिहाई के बाद आंदोलन से जुड़े लोगों ने स्पष्ट किया कि बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर उनका संघर्ष थमने वाला नहीं है। उनका कहना था कि यदि उन्हें जेल भेजा जाता, तो वहां भी अनशन जारी रखकर राज्य निर्माण की मांग बुलंद की जाती।

आंदोलनकारियों ने कहा कि गिरफ्तारी से उनका मनोबल कमजोर होने के बजाय और मजबूत हुआ है। बुंदेलखंड राज्य का निर्माण उनका साझा सपना है और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। इस दौरान समर्थकों ने नारेबाजी करते हुए कहा, 'जो कायर और भयातुर हैं, वे सुलह के पापड़ बेलते हैं; जो सच्चे वीर योद्धा हैं, वे सर देकर सर से खेलते हैं।'

बुंदेलखंड क्षेत्र कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एवं अधिवक्ता राजेंद्र शर्मा ने बताया कि बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानु सहाय द्वारा किए जा रहे अनशन एवं सत्याग्रह की जानकारी कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को दी गई है। उन्होंने बताया कि 24 अक्टूबर को अनशन में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अजय राय ने सहमति दी थी। इसके साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं बुंदेलखंड जोन के प्रभारी जगदीश चंद्र जांगिड़ के भी कार्यक्रम में शामिल होने की तैयारी थी।

राजेंद्र शर्मा के अनुसार, अन्य राजनीतिक दलों के समर्थकों ने भी पुलिस की कार्रवाई की जानकारी अपने-अपने शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाई है। आंदोलन से जुड़े लोगों ने संकेत दिया कि बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर आगे की रणनीति तैयार कर आंदोलन को और गति दी जाएगी।

परीक्षा-2026 के लिए प्रयागराज मंडल में व्यापक रेल परिचालन तैयारियाँ

प्रयागराज, 22 अक्टूबर 2026।ङ आगामी 25 एवं 30 अक्टूबर तथा 01 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाली ईऊ परीक्षा-2026 के दौरान परीक्षार्थियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल द्वारा यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए व्यापक रेल परिचालन योजना तैयार की गई है। इस योजना का उद्देश्य परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने तथा परीक्षा के उपरांत अपने गंतव्य की ओर लौटने में सुविधा प्रदान करना और नियमित रेल परिचालन के साथ अतिरिक्त यात्री भार का समुचित प्रबंधन करना है।

परीक्षा तीन तिथियों पर दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली का समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली का समय अपराह्न 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक निर्धारित है। विभिनन शहरों एवं रेलवे स्टेशनों के बीच परीक्षार्थियों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों, मौजूदा ट्रेनों के विस्तार, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त ठहराव तथा उपलब्ध रेक के प्रभावी उपयोग की व्यवस्था की गई है।

विशेष अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का संचालनङ

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए प्रयागराज मंडल द्वारा दो महत्वपूर्ण एकतरफा अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई गई है।

. गाड़ी संख्या 01821 – प्रयागराज जंक्शन से वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी (ऋथ्व)ङङ

यह 12 कोच वाली अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेन 24 अक्टूबर, 29 अक्टूबर एवं 31 अक्टूबर 2026 को प्रयागराज जंक्शन से रात्रि 19:45 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन प्रातः 05:15 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुंचेगी। इस ट्रेन का संचालन उन परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखकर किया जा रहा है, जिन्हें परीक्षा से एक दिन पूर्व अपने गंतव्य तक पहुंचना है।

2. गाड़ी संख्या 01823 – कानपुर सेंट्रल से मथुरा जंक्शनङङ

यह 12 कोच वाली अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेन 24 अक्टूबर, 29 अक्टूबर एवं 31 अक्टूबर 2026 को कानपुर सेंट्रल से रात्रि 20:00 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन प्रातः 03:10 बजे मथुरा जंक्शन पहुंचेगी। इस ट्रेन से कानपुर, फफूंद, इटावा, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद, टूंडला एवं अन्य संबंधित स्टेशनों से यात्रा करने वाले परीक्षार्थियों को सुविधा मिलेगी।परीक्षार्थियों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज, झांसी एवं आगरा मंडलों के साथ-साथ अन्य संबंधित रेल मंडलों के समन्वय से भी विशेष ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था की गई है।इसके अतिरिक्त कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, मथुरा, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी तथा अन्य संबंधित गंतव्यों के लिए जरूरत के अनुसार अतिरिक्त विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की गई है। नियमित ट्रेनों के विस्तार एवं समय में आवश्यक बदलाव की व्यवस्थापरीक्षा अवधि में यात्रियों की अतिरिक्त संख्या को देखते हुए आवश्यकता पड़ने पर कुछ नियमित ट्रेनों के गंतव्य का विस्तार करने तथा उनके समय में बदलाव करने की व्यवस्था भी की गई है।इस क्रम में कानपुर सेंट्रल-लखनऊ, कानपुर सेंट्रल-रायबरेली एवं कानपुर सेंट्रल-खजुराहो खंड की तीन ट्रेनों के समय में आवश्यकतानुसार बदलाव किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त कानपुर सेंट्रल-फतेहपुर, इटावा-कानपुर सेंट्रल, कानपुर सेंट्रल-टूंडला तथा अन्य संबंधित खंडों की कुल नौ ट्रेनों के विस्तार का प्रावधान रखा गया है।

जहां भूख, वहीं सेवा का संकल्प; आसरा सोसाइटी ने जरूरतमंद बच्चों को कराया भोजन'

सेवा की थाली से बच्चों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को साकार करते हुए आसरा सोसाइटी एनजीओ की ओर से आईटीआई स्थित बस्ती में जरूरतमंद बच्चों को भोजन कराया गया। संस्था की इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों की सहायता करने के साथ ही समाज में सेवा और संवेदनशीलता का संदेश देना रहा।संस्था के सदस्यों ने बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें भोजन वितरित किया और उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया। इस पहल के माध्यम से संदेश दिया गया कि समाजसेवा का वास्तविक अर्थ जरूरतमंदों की आवश्यकताओं को समझना और उनकी मदद के लिए आगे आना है। किसी भूखे को भोजन कराना न केवल पुण्य का कार्य है, बल्कि मानवता के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।



आसरा सोसाइटी का संदेश है कि भोजन वहीं कराना चाहिए, जहां वास्तव में भूख हो। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। दूसरों के दुख-दर्द को समझकर किया गया छोटा-सा प्रयास भी किसी के जीवन में खुशियां ला सकता है।इस अवसर पर कीर्ति पटेल वर्मा, पूजा शर्मा, निशांत पटेल वर्मा, प्रशांत पटेल वर्मा और अलका वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने भोजन वितरण में सहभागिता कर सेवा कार्य में अपना योगदान दिया।

संस्था ने लोगों से अपील की कि वे सामाजिक सरोकारों से जुड़कर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं, क्योंकि इंसानियत और परोपकार ही समाज को बेहतर बनाने की असली ताकत हैं।

केन्द्रीय चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

प्रयागराज, 22 अक्टूबर 2026ः उत्तर मध्य रेलवे (उ.म.रे), प्रयागराज के केन्द्रीय चिकित्सालय में विशेष अभियान 6.0 (एवं भारतीय रेल के स्वच्छता पखवाड़ा) अभियान के अंतर्गत ैं वैचैरिटेबल ब्लड बैंक, प्रयागराज के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद?घाटन डॉ. राकेश निगम, चिकित्सा निदेशक, केन्द्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज तथा डॉ. सुरेन्द्र नाथ, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ उ.म.रे / प्रयागराज द्वारा किया गया।इस अवसर पर डॉ. मंजुलता हांडू, अपर मुख्य दंत शल्य चिकित्सक तथा डॉ. उषा एस. पी. यादव, अपर मुख्य स्वास्था निर्देशक शिविर में रक्तदान करने वाली प्रथम दो महिला चिकित्सकों में शामिल रहीं।इस पहल का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिहित करने में रेलवे कर्मचारियों की सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। रक्तदान करने वाले सभी दाताओं को जलपान एवं प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।एक रक्तदाता ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'रक्तदान करके हमें अपार संतुष्टि मिलती है, क्योंकि इसके माध्यम से हम समाज के प्रति अपना योगदान दे पाते है और जरूरतमंद मरीजों की सहायता कर सकते है।'इस पहल के संबंध में डॉ. उषा एस. पी. यादव, अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक माइक्रोबायोलॉजी ने कहा, किसी के रक्तदान से किसी की जान बच सकती है। गंभीर परिस्थितियों में केवल सहानुभूति जीवन नहीं बचा सकती, लेकिन रक्त बचा सकता है। रक्त की प्रत्येक यूनिट किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने में सहायक हो सकती है। सेवा की इसी भावना ने हमारे कर्मचारियों को शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया।'इस अवसर पर डॉ. कल्पना मिश्रा, अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/ उत्तर मध्य रेलवे डॉ. मृत्युंजय कुमार, अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक उत्तर मध्य रेलवे डॉ. एस. एस. नायक, अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/ उत्तर मध्य रेलवे सहित केन्द्रीय चिकित्सालय के अन्य चिकिसक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।इस शिविर के आयोजन में श्री डेविड नवीन तिवारी, मुख्य प्रयोगशाला अधीक्षक, श्री एस. एस. शॉ. श्री यू. के. भारती की पवन केशरी एवं श्रीमती रेखा कननैजिया ने प्रयोगशाला टीम तथा केन्द्रीय चिकित्सालय के इनडोर स्टाफ के सहयोग सो महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह शिविर स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व को रेखांकित करने के साथ-साथ समाज कल्याण एवं मानवीय सेवा के प्रति रेलवेये कर्मचारियों की प्रतिबद्धत्ता का भी परिचायक रहा।

जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक संपन्न

सीएम डैशबोर्ड पर जिलाधिकारी ने की विभागवार रैंकिंग की गहन समीक्षा

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर विकास एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभागवार ऑनलाइन रैंकिंग प्रणाली एवं अनुश्रवण पुस्तिका की गहन समीक्षा की। उन्होंने उन विभागों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की जिनकी रैंकिंग वर्तमान में 'सी' या 'डी' श्रेणी में है। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि फैमिली आईडी में खराब प्रगति वाले विकास खंडो के खंड विकास अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही उनका वेतन रोका जाए। इसी के साथ मुख्य विकास अधिकारी इनकी पिछले माह की प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि उन्होंने पूरे माह में क्या कार्य किया है। इसी के साथ फैमिली आई डी में खराब प्रगति वाले अधिशासी अधिकारियों का वेतन रोकने के साथ ही उनका कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देश दिए कि खराब प्रगति वाले ईओ का विगत माह का प्रतिदिन कार्य रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करें। जननी सुरक्षा योजना में खराब प्रगति पर एसीएमओ का वेतन रोकने के साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत वक्फ विकास निगम से संबंधित कार्य पर ठेकेदार को



जनपद में कार्य के लिए डीबार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को ठेकेदार के विरुद्ध अपने स्तर से कार्यवाही के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। राजकीय मेडिकल कॉलेज में यूपी सिडको द्वारा 60 सीट क्षमता वाले नर्सिंग कॉलेज पर हैंडओवर की कार्यवाही नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपनी कार्यशैली में सुधार लाते हुए जनपद को प्रदेश स्तर पर 'ए' श्रेणी और शीर्ष स्थान पर लाने के लिए मिशन मोड में कार्य करें। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि योजनाओं की प्रगति का डेटा दैनिक आधार पर सही और समय से फीड किया जाए। गलत, भ्रामक या विलंबित डेटा फीड करने वाले विभागों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल जनशिकायतों पर विशेष फोकस करते हुए कहा कि आईजीआरएस पोर्टल और जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए। शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही प्राथमिकता है और जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण से ही रैंकिंग में सुधार होगा। जिन योजनाओं में कई विभाग शामिल हैं, वे आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर पेंडेंसी को हर हाल में शून्य के स्तर पर लाएं। जो शिकायतें समाधान होने लायक है उनका समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। राजस्व की समीक्षा के दौरान चेक गेट, वसूली प्रमाण पत्र, पैमाईश, घरौनी में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन लवी त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

करवा चौथ पर छठे मेहंदी शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी एवं मातृ शक्ति के पदाधिकारियों ने बनाई कार्यक्रम की रूपरेखा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। करवा चौथ के पावन पर्व के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी एवं मातृ शक्ति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले छठे मेहंदी शिविर कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार, 22 अक्टूबर 2026 को बालाजी रोड स्थित संजय शर्मा के प्रतिष्ठान पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को सुचारु रूप से एवं निर्विघ्न संपन्न कराने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई तथा आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों और आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। बैठक में कार्यक्रम अध्यक्ष पंडित अमित तिवारी शास्त्री, कार्यक्रम संयोजक संजय शर्मा, सह संयोजक राघव गुप्ता, कार्यक्रम उपाध्यक्ष हरेंद्र राणा, सह प्रचार-प्रसार प्रमुख सतीश कौशिक, द्वारका प्रखंड अध्यक्ष संदीप शुक्ला, बजरंग दल जिला सह संयोजक तरुण कुमार, आदि सैनी, कूकड़ा प्रखंड दुर्गा वाहिनी संयोजिका भावना प्रजापति एवं सुरभि त्यागी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बैठक में सभी ने करवा चौथ के अवसर पर आयोजित होने वाले छठे मेहंदी शिविर को सफल बनाने के लिए अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने तथा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की।

डीएम की मौजूदगी में स्नातक-शिक्षक निर्वाचन के लिए पोलिंग पाटिर्यां रवाना

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद मेरठ खंड सनतक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र 2026 के लिए मतदान कल होगा। जिला मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार चौहान की उपस्थिति में अपर जिलाधिकारी प्रशासन लवी त्रिपाठी ने रेनबो स्कूल से पोलिंग पाटिर्यों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया।

जिला प्रशासन ने चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी, माइक्रो ऑब्जर्वर और पुलिस बल तैनात किया गया है। मतदान के बाद सील मतपेटियों को स्ट्रांग रूम में जमा कराया जाएगा। कंट्रोल रूम से निगरानी होगी और हर दो घंटे पर मतदान प्रतिशत की रिपोर्ट ली जाएगी।

मतदान का विवरणः

- कुल मतदान केंद्रः 19- कुल मतदेय स्थलःश 95- शिक्षक निर्वाचनः 15 स्थलों पर 4,776 मतदाता
- सनतक निर्वाचनःङ 80 स्थलों पर 24,148 मतदाता- समयः सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक

इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, एसपी यातायात शैलेंद्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह सहित सभी उप जिलाधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की उपस्थिति में धान की क्रॉप संपन्न, फसल उत्पादकता का किया गया आकलन

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत ग्राम जंधेड़ा समसपुर में कराया गया क्रॉप कटिंग प्रयोग

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की उपस्थिति में तहसील रामपुर मनिहारन के ग्राम जंधेड़ा समसपुर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026-27 में धान की फसल की उत्पादकता के आकलन के लिए क्रॉप कटिंग प्रयोग संपन्न कराया गया। इस दौरान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार धान की फसल की कटाई कर प्राप्त उपज का विवरण दर्ज किया गया।

क्रॉप कटिंग प्रयोग के दौरान ग्राम जंधेड़ा समसपुर में खसरा संख्या 739 पर निर्धारित प्लॉट में प्रयोग संपादित किया गया। उपलब्ध अभिलेख के अनुसार, प्रयोगाधीन निर्धारित क्षेत्रफल हेक्टेयर के अनुसार तथा प्लॉट संख्या पी-1 से प्राप्त धान की उपज 17.360 किलोग्राम दर्ज की गई।

जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने क्रॉप कटिंग प्रयोग के दौरान फसल की उपज से संबंधित आंकड़ों का सही एवं पारदर्शी तरीके से संकलन करने तथा निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्रॉप कटिंग से संबंधित अभिलेखों में आंकड़ों की शुद्धता बनाए रखते हुए आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए।

क्रॉप कटिंग प्रयोग के माध्यम से धान की वास्तविक औसत उपज एवं प्रति हेक्टेयर उत्पादकता का वैज्ञानिक आकलन किया जाता है। इससे फसल उत्पादन से संबंधित विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त करने में सहायता मिलती है, जो कृषि नियोजन एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़े निर्धारित नियमों के अनुसार फसल



उत्पादकता के आकलन तथा बीमा दावों के निर्धारण में सहायक होते है। इसी प्रकार, प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों के लिए राहत संबंधी आकलन एवं निर्धारित प्रक्रियाओं में भी फसल उत्पादन से जुड़े आंकड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

इसके अतिरिक्त, क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़े जिले में खाद्यान्न उत्पादन का आकलन करने, कृषि संबंधी योजनाओं के नियोजन, किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट का निर्धारण भी इसी के आधार पर होता है तथा किसानों के हित में सरकारी नीतियों के निर्माण एवं क्रियान्वयन में सहायता प्रदान करते हैं। क्रॉप कटिंग प्रयोग के दौरान तहसीलदार प्रियंक सिंह, अपर सांख्यिकी अधिकारी अलका पाण्डेय, राजस्व निरीक्षक संजय सिंह, लेखपाल योगेश कुमार तथा बीमा कंपनी के प्रतिनिधि नितेश कुमार सहित कृषक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

दिशा पेपर मिल में कचरा जलाने से वायु प्रदूषण का आरोप, जांच की मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। जॉली रोड स्थित दिशा पेपर मिल में कचरा जलाने से कथित वायु प्रदूषण का मामला सामने आया है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अमन बंसल ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि पेपर मिल में कचरा जलाने के आरोपों की गंभीरता से जांच कर वायु प्रदूषण के प्रभाव का आकलन किया जाए। अमन बंसल ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण की सुरक्षा जरूरी है। यदि जांच में पर्यावरण नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इस दौरान दीपक सैनी, अनुज पाल, आशु प्रजापति, शुभम पाल, प्रियांशु पाल, सागर, अमित गौतम, धर्मेंद्र कुमार, मेहराब खान, सरताज आदि मौजूद रहे। अब इस मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जांच पर नजर रहेगी।

एमएलसी चुनाव को लेकर विधायक मुकेश चौधरी ने किया शिक्षको से सम्पर्क

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। एमएलसी चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी ने चिलकाना स्थित नवजनोदय इंटर कॉलेज और जे.जे. इंटर कॉलेज में शिक्षकों से संपर्क कर चुनाव को लेकर मंथन किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षको से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। विधायक मुकेश चौधरी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी की सरकार में शिक्षकों का उत्पीड़न होता था और प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं थी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून का राज स्थापित हुआ है। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी पंडित जयनाथ शर्मा ने भी शिक्षकों से एमएलसी चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया।



स्वच्छता ही सेवा, अभियान को जन आंदोलन बनाएं-उप निदेशक पंचायत

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर । उपनिदेशक पंचायत राघवेंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में ग्राम पंचायत सचिवों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। उपनिदेशक पंचायत ने स्वच्छता के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विकसित भारत की परिकल्पना स्वच्छता स्थायित्व के मार्ग से ही संभव है। उन्होंने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम के गुणात्मक क्रियान्वयन पर बल देते हुए पंचायत सचिवों से यह अपील की कि ग्रे वॉटर मैनेजमेंट की दिशा में सार्थक पहल करके मॉडल ग्राम पंचायत बनाएं। द्विवेदी ने आइजीआरएस निस्तारण एवं सूचना अधिकार से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जन सरोकार से जुड़ी हुई शिकायतों के गुणात्मक निस्तारण का निर्देश दिया। उपनिदेशक पंचायत ने कंसलटिंग इंजीनियर के भुगतान, पंचायत सचिवालय की सौंदर्यीकरण तथा पंचायत सहायकों की नियमित उपस्थिति करने के निर्देश देते हुए यह अपेक्षा की कि जन सरोकार से जुड़ी हुई योजनाओं का क्रियान्वयन करके हम सब विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करें। समीक्षा बैठक का संचालन जिला पंचायत राज अधिकारी प्रदीप कुमार द्विवेदी ने किया। बैठक में हिमांशु त्यागी मंडलीय कंसलटेंट, लोकेश सिरोही मंडलीय डीपीएम समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं जनपद के समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता ही सेवा, अभियान को जन आंदोलन बनाएं-उप निदेशक पंचायत

प्रातकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर । उपनिदेशक पंचायत राघवेंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में ग्राम पंचायत सचिवों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। उपनिदेशक पंचायत ने स्वच्छता के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विकसित भारत की परिकल्पना स्वच्छता स्थायित्व के मार्ग से ही संभव है। उन्होंने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम के गुणात्मक क्रियान्वयन पर बल देते हुए पंचायत सचिवों से यह अपील की कि ग्रे वॉटर मैनेजमेंट की दिशा में सार्थक पहल करके मॉडल ग्राम पंचायत बनाएं। द्विवेदी ने आइजीआरएस निस्तारण एवं सूचना अधिकार से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जन सरोकार से जुड़ी हुई शिकायतों के गुणात्मक निस्तारण का निर्देश दिया। उपनिदेशक पंचायत ने कंसलटिंग इंजीनियर के भुगतान, पंचायत सचिवालय की सौंदर्यीकरण तथा पंचायत सहायकों की नियमित उपस्थिति करने के निर्देश देते हुए यह अपेक्षा की कि जन सरोकार से जुड़ी हुई योजनाओं का क्रियान्वयन करके हम सब विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करें। समीक्षा बैठक का संचालन जिला पंचायत राज अधिकारी प्रदीप कुमार द्विवेदी ने किया। बैठक में हिमांशु त्यागी मंडलीय कंसलटेंट, लोकेश सिरोही मंडलीय डीपीएम समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं जनपद के समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

थाना गागलहेडी पुलिस द्वारा 03 एनबीडब्लू वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफतार

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना गागलहेडी पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 21.10.2026 को 02 एनबीडब्लू वारण्टी अभियुक्तगण 1. सोनू उर्फ खडक पुत्र कमालू निवासी ग्राम दिनारपुर थाना गागलहेडी सहारनपुर (सम्बन्धित वाद सं0 / धारा 457/380/411 भादवि) 2.सूरज उर्फ बादू पुत्र सुलेन्द्र सिंह निवासी ग्राम दिनारपुर थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर (सम्बन्धित वाद सं0 278/18 मु0अ0सं 194/14 धारा 376 (घ) भादवि) व 3.सोनू पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम कोलकी थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर (सम्बन्धित वाद सं0 5402/2024 धारा 4/25) को उनके मस्कन से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अन्य आवश्यक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान को जन आंदोलन मनाए



प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। उक्त विचार राघवेंद्र द्विवेदी उपनिदेशक पंचायत सहारनपुर मंडल सहारनपुर जनपद सहारनपुर के सचिव ग्राम पंचायत कि समीक्षा बैठक में विकास भवन स्थित सभागार पर व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने स्वच्छता की विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए यह बताया कि विकसित भारत की परिकल्पना स्वच्छता स्थायित्व के मार्ग से ही संभव है।उपनिदेशक पंचायत ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम के गुणात्मक क्रियान्वयन पर बल देते हुए पंचायत सचिवों से यह अपील किया कि ग्रे वॉटर मैनेजमेंट की दिशा में सार्थक पहल करके मॉडल ग्राम पंचायत बनाएं।श्री द्विवेदी ने आइजीआरएस निस्तारण एवं सूचना अधिकार से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जन सरोकार से जुड़ी हुई शिकायतों के गुणात्मक निस्तारण का निर्देश दिया। उपनिदेशक पंचायत कंसलटिंग इंजीनियर के भुगतान पंचायत सचिवालय की सौंदर्य करण तथा पंचायत सहायकों की नियमित उपस्थिति करने के निर्देश देते हुए यह अपेक्षा किया कि जन सरोकार से जुड़ी हुई योजनाओं का क्रियान्वयन करके हम सब विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करें। समीक्षा बैठक का संचालन प्रदीप कुमार द्विवेदी जिला पंचायत राज अधिकारी ने किया। बैठक में हिमांशु त्यागी मंडलीय कंसलटेंट , लोकेश सिरोही मंडलीय डीपीएम समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं जनपद के समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।